

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-18 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 22 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 89 हजार 710 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए सिंगल क्लिक से जारी किए 224 करोड़ रूपए

## प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप उपलब्ध कराने से प्रदेश के उज्जवल भविष्य की संभावनाएं अधिक सशक्त होंगी - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**प्रत्येक विद्यार्थी 25-25 हजार की राशि से अपनी पसंद से क्रय कर सकेंगे लैपटॉप**






भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि परिवार में मां द्वारा अपने बच्चों को पुष्पित, पल्लवित करने में प्राप्त आनंद का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान करने से जो आनंद प्राप्त हो रहा है, वह अवर्णनीय है। यह जीवन भर स्मृतियों में रहने वाली अनुभूति है। परिवार में सदस्यों का जैसे सभी संसाधनों पर अधिकार होता है, उसी प्रकार राज्य सरकार के सभी संसाधनों पर समाज के कमजोर से कमजोर तबके का अधिकार है। मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान करने से उनकी प्रतिभा निखरेगी, जिससे प्रदेश के उज्जवल भविष्य की संभावनाएं अधिक सशक्त होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के 89 हजार 710 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप लेने के लिए 224 करोड़ की राशि अंतरित करने के लिए प्रशासन अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिंगल क्लिक से विद्यार्थियों के खातों में राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें उपलब्ध कराई जा रही 25-25 हजार रूपए राशि का उपयोग लैपटॉप क्रय में ही किया जाए। विद्यार्थी अपनी पसंद के अनुसार, अपनी इच्छानुसार स्थान से लैपटॉप लें और लैपटॉप खरीदने की रसीद अपनी शाला में आवश्यक रूप से जमा कराएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से संवाद किया तथा अपने उद्बोधन से प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल के प्रभारी तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, रवीन्द्र यती सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में विद्यमान गुरुकुल परंपरा जातियों और वर्ग भेद से मुक्त थी। सभी को समान रूप से सभी व्यवस्थाओं के लिए अधिकार देकर और प्रतिभाओं को निखार कर भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जाता था। आज प्रदान किये जा रहे लैपटॉप से विद्यार्थियों को अध्ययन तकनीक का उपयोग करते हुए ज्ञानार्जन और कौशल विकास में मदद मिलेगी। विद्यार्थियों में आगे बढ़ने के और नवाचार करने के लिए आत्मविश्वास विकसित होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का अभिवादन करते हुए कहा कि यह सब उनकी सोच के परिणामस्वरुप ही संभव हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इजराइल का उदाहरण देते हुए कहा कि अपने आस-पास विद्यमान चुनौतियों का सामना करने के लिए वर्तमान परिस्थितियों में अद्यतन तकनीक के साथ चलना आवश्यक है। अपने देश के हितों की सुरक्षा और जन-जन के कल्याण के लिए तकनीकी रूप से दक्ष होना जरूरी है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्व का विशालतम और श्रेष्ठतम लोकतंत्र भारत है। यह लोकतांत्रिक गणतंत्र लंबे संघर्ष के परिणामस्वरूप स्थापित हुआ है। पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, चंद्रशेखर आजाद, शहीदे आजम भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया।

## 24 फरवरी से दिल्ली सरकार ने बुलाया विशेष विधानसभा सत्र, कैग रिपोर्ट होगी पेश

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली की नवगठित भाजपा सरकार ने 24 फरवरी से तीन दिन का विशेष विधानसभा सत्र बुलाया है। इस सत्र में सभी नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे, जबकि पांच साल से लंबित कैग की 14 रिपोर्ट भी पेश की जाएगी। कथित शराब घोटाले पर भी रिपोर्ट पटल पर रखी जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह के बाद दिल्ली में नई भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक गुरुवार को सीएम रेखा गुप्ता की अगुवाई में हुई। बैठक में सीएजी की रिपोर्ट पर चर्चा हुई। अगले सप्ताह दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र होगा और इस सत्र में 14 सीएजी रिपोर्ट पेश की जाएंगी। इसके साथ ही कैबिनेट ने आयुष्मान भारत योजना को भी मंजूरी दी है।दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली बंपर जीत के बाद पीएम मोदी ने 8 फरवरी को भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने पिछली सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने का संकेत दिया था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ये आपदा लोग अपने घोटालों को छिपाने के लिए हर दिन नई साजिश रचते थे, लेकिन अब दिल्ली का जनादेश मिल गया है। मैं गारंटी देता हूं कि सीएजी रिपोर्ट पहले ही विधानसभा सत्र में पेश की जाएगी। भ्रष्टाचार के हर तार की जांच होगी और जिसने भी लूटा है, उसको लौटाना पड़ेगा। बता दें कि आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान भाजपा लगातार इन रिपोर्ट को विधानसभा में रखने की मांग करती रही।

## महाकुंभ में करवाया जा रहा डिजिटल स्नान, फोटो को नहलाकर 1100 रुपए में लगवाते है डुबकी

नई दिल्ली(आरएनएस)। प्रयागराज में चल रहे माहकुंभ में देश विदेश से श्रद्धालु स्नान करने के लिए आ रहे हैं। करोड़ों लोग संगम में डुबकी लगा



चुके हैं और जो घर बैठे लोग डुबकी नहीं लगा पा रहे वो पुण्य कामना कर रहे हैं। वहीं, भारी भीड़ के कारण संगम घाट तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण हो गया है। जिससे कई लोग स्नान करने के लिए कतराने लगे हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर महाकुंभ से जुड़ी कई वीडियो सामने आ रहे हैं जो मुश्किलों का हल बता रहे हैं। बता दें कि डिजिटल स्नान का वीडियो सोशल मीडिया खूब वायरल हो रहा है। जिसमें एक शख्स महज 1100 रुपए में लोगों को महाकुंभ का संगम स्नान कराने की सुविधा दे रहा है। जो तरीका काफी अनोखा है।

इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो में गर्विता शर्मा नाम की यूजर ने इस स्टार्टअप के बारे में बताया है। वीडियो में गर्विता कहती हैं कि कई लोग भीड़ के डर से संगम स्नान नहीं कर पा रहे हैं, खासकर बुजुर्ग और कमजोर लोग। इसी समस्या को हल करने के लिए एक व्यक्ति ने अनूठा समाधान खोज निकाला है, जिसे देखकर हर कोई हैरान है।

## दिल्ली में कुख्यात 'लेडी डॉन' गिरफ्तार, तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर की है पत्नी

**नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस ने लेडी डॉन को 1 करोड़ रुपए की हेरोइन समेत गिरफ्तार किया है। लेडी डॉन का नाम कुख्यात जोया खान है और उसका पति गैंगस्टर हाशिम बाबा है। जोया खान अपने पति के अवैध धंधो को संभाल रही थी। वह गैंग से जुड़े सभी बड़े फैसले खुद लेती थी। बता दें कि जोया खान गैंगस्टर हाशिम बाबा की तीसरी पत्नी है। बाबा अभी तिहाड़ जेल में बंद है। जिस पर जबरन वसूली, हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत कई केस दर्ज हैं।**

**1 करोड़ की हेरोइन के साथ पकड़ी**

**मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जोया खान ने 2017 में गैंगस्टर हाशिम बाबा से शादी की थी। ये शादी उसने अपने पहले पति से तलाक लेने के बाद की थी। वह ड्रग्स सिंडिकेट का बी हिस्सा थी। पुलिस ने उसे 270 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी इंटरनेशनल मार्केट में कीमत 1 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस काफी वक्त से जोया को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी।**

## अब आयकर विभाग खुलवाएगी सौरभ शर्मा और उसके साथियों से राज, 52 किलो सोना और कैश को लेकर होगी पूछताछ, कोर्ट ने दी अनुमति



भोपाल (आरएनएस)। परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा से ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के बाद अब आयकर विभाग के अफ्सर पूछताछ करेंगे। आयकर विभाग ने गुरुवार को लोकायुक्त न्यायालय में पूछताछ करने के लिए आवेदन दिया था। आयकर विभाग के अफ्सर भी केंद्रीय जेल में सौरभ शर्मा से पूछताछ कर सकेंगे। भोपाल जिला कोर्ट ने शुक्रवार को इसकी अनुमति दे दी है।

सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन सिंह और शरद जायसवाल 14 दिन की रिमांड पर दूसरी बार जेल भेजे गए हैं, जिसकी अवधि 3 मार्च को खत्म होने वाली है। बता दें कि मेंडोरी के जंगल में 19 और 20 दिसंबर की रात इनोवा कार में 52 किलो गोल्ड और 11 करोड़ रुपए कैश आयकर विभाग की टीम ने जब्त किए थे। मामले में अब तक लोकायुक्त और ED तीनों आरोपियों से पूछताछ कर चुकी है।

### दर्दनाक हादसा : महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार कंटेनर से टकराई, एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

आरा(आरएनएस)। भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत, आरा-मोहानिया हाईवे पर दुल्हिनगंज के निकट शुक्रवार की सुबह प्रयागराज से लौटती एक कार कंटेनर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार छह व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और वाहन के अगले भाग के परखच्चे उड़ गए।

स्थानीय जेसीबी की मदद से दुर्घटनास्थल से कार को हटाकर दबे हुए शवों को बाहर निकाला गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतकों में पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र समेत अन्य क्षेत्रों से आए एक ही परिवार और सगे संबंधी शामिल हैं। हादसा सुबह लगभग तीन बजे का बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण कार चालक का पलक झपकना बताया जा रहा है, जबकि सभी मृतक कुंभ स्नान करके घर लौट रहे थे।

## अर्श डल्ला के दो सहयोगियों पर शिकंजा, एनआईए ने दाखिल की चार्जशीट

नई दिल्ली(आरएनएस)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डल्ला के दो प्रमुख सहयोगियों के खिलाफ आतंकी-गैंगस्टर सिंडिकेट




मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है। जांच एजेन्सी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि एनआईए की विशेष अदालत, पटियाला हाउस कोर्ट के समक्ष गुरूवार को दाखिल आरोप पत्र में फरार नीरज पंडित उर्फ नीरज फरीदपुरिया और अनिल सिंह के खिलाफ आरसी-22/2023/एनआईए/डीएलआई मामले में आरोपपत्र दाखिल किया गया है। एनआईए जांच के अनुसार, खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) का सदस्य अर्श डल्ला भारत में आतंकी-गैंगस्टर सिंडिकेट को फंड कर रहा था, जिसका ये दोनों लोग हिस्सा थे। जांच से पता चला है कि दोनों आरोपी डल्ला और बंबीहा गिरोह के विभिन्न सदस्यों के लगातार संपर्क में थे। इन लोगों ने पलवल में जसवीर दीघोट की हत्या की साजिश में सक्रिय रूप से भाग लिया था। अनिल को पिछले वर्ष पांच सितम्बर को गिरफ्तार किया गया था जबकि नीरज अभी भी फरार है।

# मौसम का सितम, जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद, 300 वाहन फंसे



नई दिल्ली (आरएनएस)। मौसम विज्ञान विभाग ने देश के 13 राज्यों में मौसम को लेकर अलर्ट जारी किया है। कश्मीर में बर्फबारी के कारण जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद हो गया है। इससे करीब 300 वाहन फंसे हुए हैं, जिनको निकालने का काम जारी है। हिमाचल के कई इलाकों में बर्फबारी जारी है। रोहतांग, बारालाचा, शिंकुला व कुंजम दर्रे में डेढ़ से दो फीट बर्फ की चादर बिछी है।

शिमला व मनाली में भी यही हाल है। अटल टनल रोहतांग के दोनों छोर में डेढ़ फीट बर्फ बिछ गई है। अब मौसम विभाग ने कांगड़ा, चंबा, कुल्लू और मंडी जिलों में भारी बारिश और बर्फबारी की चेतावनी जारी की है। पंजाब के अमृतसर समेत कई इलाकों में बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई है। पंजाब में तापमान में 4 डिग्री तक की कमी आई है। वहीं, राजस्थान में हल्की बारिश के बाद कई क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई है।

वहीं, राजस्थान में आंधी-बारिश के बाद हल्की सर्दी बढ़ गई। यूपी के मेरठ और हापुड़ में गुरुवार देर रात करीब आधे घंटे तक ओले गिरे। ओडिशा में अगले तीन दिन यानी रविवार तक भारी बारिश की चेतावनी है। कई जिलों में फसलों को नुकसान भी पहुंच सकता है। इसके चलते राज्य सरकार ने 25 जिलों में अलर्ट जारी किया है।

## एकनाथ शिंदे की कार उड़ाने की धमकी, मुंबई पुलिस ने दो संदिग्धों को दबोचा

मुंबई, (आरएनएस)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को उड़ाने की धमकी ईमेल से दी गयी थी. मुंबई पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले से दो लोगों को गिरफ्तार किया है. उनकी पहचान मंगेश



वायल (35) और अभय शिंगणे (22) के रूप में हुई है. वे दोनों बुलढाणा जिले के देउलगांव राजा के देउलगांव माही इलाके के रहने वाले हैं.एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, गुरुवार को महानगर के गोरेगांव और जे जे मार्ग पुलिस थानों को उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी वाले ई-मेल मिला था. जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गयी. अधिकारी ने बताया कि दोनों को मुंबई लाया जा रहा है और उनकी जांच जारी है. उपनगरीय मुंबई के गोरेगांव पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(3) - आपराधिक धमकी और 353(2) सार्वजनिक शरारत के लिए बयान देने के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई.मुम्बई अपराध शाखा ने भी जांच शुरू कर दी है.

## इटारसी स्टेशन पहुंचे सांसद, अलारसा सदस्यों की भूख हडताल खत्म कराई

**- सांसद ने भूख हडताल पर बैठे ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल को रेल मंत्री से मिलवाने का दिया आश्वासन, कहा जायज मांग पूरी कराएंगे**



इटारसी(निप्र)। होशंगाबाद-नरसिंहपुर क्षेत्र से सांसद दर्शन सिंह चौधरी रात 9.30 बजे इटारसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 01 पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे व कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। स्टेशन पर वे प्लेटफार्म क्रमांक 01 पर लॉवी के सामने भूख हडताल पर बैठे लोको पायलट व रनिंग स्टॉफ से मिलने पहुंचे थे। यहां ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के आव्हान पर स्टॉफ भूख हडताल पर बैठा था। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने यहां उनकी भूख हडताल खत्म कराई। उन्होंने भूख हडताल पर बैठे एसोसिएशन के सदस्यों से कहा कि उनकी जो भी जायज मांगें होंगी वह रेल मंत्री से हल कराएंगे। इसके अलावा एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल वे रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भी मिलवाएंगे। सांसद श्री चौधरी के आश्वासन के बाद यहां भूख हडताल खत्म हुई। आपको बतां दें कि रेल लोको पायलटों की हडताल खत्म कराने के लिए सांसद स्टेशन पर ईवी ऑटो में बैठकर पहुंचे थे। उलेखनीय है कि ऑल इंडिया लोगो रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के केंद्रीय कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार भारत के संपूर्ण लोको रनिंग स्टाफ देश भर की सभी 367 लावियों पर 36 घंटे के हंगर फास्ट पर भूखे रहकर स्वयं को कष्ट देकर रेलगाड़ियों का संचालन करने का निर्णय लिया गया था। इसी के तहत इटारसी में भी भूख हडताल चल रही थी। एसोसिएशन के नितिन श्रीवास ने बताया कि जब सरकार छठवें पे कमीशन से निर्मित की गई एनामली को दूर नहीं कर रही और माइलेज का रेट 1 जनवरी 2024 से ट्रैवलिंग एलाउंस के सापेक्ष 25% बढ़ाकर नहीं दे रही है तब कोई भी कर्मचारी नियोक्ता से ना तो लड़ सकता है ना ही पकड़ धाकड़ करके अपने परिश्रम के पैसे का मूल्य प्राप्त कर सकता है। ऐसी स्थिति में जब कर्मचारियों के सामने कोई विकल्प न हो तो वह स्वयं को कष्ट देकर भूखा रहकर गाड़ियों का संचालन करने के लिए सरकार द्वारा बाध्य किया गया है।





# कृषि आधारित उद्योगों को विकसित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## जैविक खेती करने वाले किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे सोलर पम्प
## मुख्यमंत्री ने किया राज्य स्तरीय जैविक कृषि उत्पादन तथा मूल्य संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषि रसायनों के असीमित प्रयोगों के कारण पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अत: जैविक एवं प्राकृतिक कृषि तकनीकों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। प्रदेश में वर्तमान वर्ष में भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार प्राकृतिक कृषि विकास योजना के अंतर्गत लगभग 1 लाख एकड़ क्षेत्रफल में जैविक खेती का कार्यक्रम लिया जा रहा है। आगामी वर्षों में जैविक- प्राकृतिक खेती को पाँच लाख हैक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य रखा जाए। जैविक उत्पादों के बेहतर मूल्य किसानों को मिल सकें, इस उद्देश्य से प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर जैविक हाट-बाजार लगाए जाएं। प्रदेश में प्राकृतिक कृषि उत्पाद के लिए आदर्श जिले और विकासखंड विकसित किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में जैविक और प्राकृतिक खेती पर आधारित मेले लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जैविक खेती करने वाले किसानों को सोलर पम्प उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय जैविक कृषि उत्पादन तथा मूल्य संवर्धन कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर एक जिला एक उत्पाद तथा विभिन्न विभागों और जैविक खेती के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी विदेश यात्राओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पूरा विश्व प्रदूषण रहित, स्वास्थ्यकारी प्राकृतिक कृषि उत्पादों के लिए मध्यप्रदेश की ओर देख रहा है। नवीन तकनीकों से कृषि उत्पादन वृद्धि तो होना चाहिये किन्तु पर्यावरण संरक्षण के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती से संतुलन बनाए रखना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह वर्ष यद्यपि उद्योग वर्ष घोषित किया गया है किन्तु कृषि प्रधान राज्य मध्यप्रदेश में खेती को साथ लेकर नीतियां लागू करना आवश्यक है। अत: राज्य सरकार कृषि आधारित उद्योगों को विकसित करने पर विशेष ध्यान दे रही है। जिन जिलों में औद्योगिक दर कम हैं, वहां कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पशुओं की वर्तमान दुग्धोत्पादन क्षमता 9 प्रतिशत है जिसे 20 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों की समृद्धि तथा आय वृद्धि के लिए राज्य सरकार भरसक प्रयास कर रही है। कृषि उत्पादकों को सब्जी उत्पादन निर्यात करने पर भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से ट्रान्सपोर्ट व्यय दिया जा रहा है, किसानों तक इसकी जानकारी का प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। इसके लिए कृषक उत्पादक संगठनों तथा स्वयं सेवी संगठनों की सहायता से चलाए जा रहे अभियान को गति दी जाए। कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि आयोजित कार्यशाला के आधार पर प्रदेश के विभिन्न जिलों की कृषि जलवायु क्षेत्र के आधार पर जैविक उत्पादन नीति बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जैविक खेती प्रोत्साहन के लिए प्रदेश में 9 सेवा प्रदाताओं से एमओयू किये गए हैं। एपीडा के अनुसार प्रदेश में जैविक खेती का रकबा 11.48 लाख हैक्टेयर है।

## अब गांवों में ही मिलेगी स्वास्थ्य सेवाएं, अगरदा में 40 लाख की लागत से बना आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरु

**ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार: अगरदा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण**

खातेगांव (आरएनएस)। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से अगरदा गांव में 40 लाख रुपये की लागत से बने आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) का लोकार्पण विधायक आशीष शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें ग्रामीण इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही हैं।

पंचायत स्तर पर मिलेगा प्राथमिक उपचार

विधायक शर्मा ने कहा कि इस उप स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से ग्रामीणों को अब पंचायत स्तर पर ही प्राथमिक उपचार की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने पंचायत में अब तक हुए विकास कार्यों का भी जिक्र किया, जिनमें ग्रिड, सरकारी स्कूल, नदी पर स्टॉप डेम का निर्माण प्रमुख हैं।

## बरोठा ब्लॉक के स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण, लापरवाह कर्मियों पर गिरी गाज!

भोपाल(आरएनएस)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने गुरुवार को बरोठा ब्लॉक के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विजयागंज मंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सुनवानी गोपाल, उप स्वास्थ्य केंद्र दतोतर और ग्राम बोरखेड़ी धाकड़ में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां सामने आईं, जिस पर सीएमएचओ ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

**स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा और निर्देश**

निरीक्षण के दौरान निरोगी काया अभियान, दस्तक अभियान के द्वितीय चरण और अन्य स्वास्थ्य गतिविधियों की समीक्षा की गई। डॉ. बेक ने गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी वाले मामलों के प्रबंधन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 70 वर्ष से अधिक उम्र के पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को भी तेज करने के निर्देश दिए।

## फरवरी अंत में दिखेगा मौसम में बड़ा चेंज व किसानों के लिए खुशखबरी

भोपाल(आरएनएस)। मध्यप्रदेश की आज महत्वपूर्ण खबरें और समाचार कुछ इस प्रकार है। सतना के मैहर में सालों भर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। मां शारदा के दर्शन करने लोग दूर दराज से पहुंचते हैं। झइस हफ्ते मध्य प्रदेश में मौसम में अलग अलग रुप देखने को मिल सकते है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर से आज गुरूवार को कई जिलों में बादल छा सकते हैं।

## एलन मस्क ने भारतीयों का क्रूर और अमानवीय तरीके से मजाक बनाया : उमा भारती

भोपाल(आरएनएस)। अमेरिका से जंजीरो में जकड़ कर भारतीयों को भारत भेजा जा रहा है। इस मुद्दे पर पूरी बीजेपी खामोश है लेकिन मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और फायर ब्रांड उमा भारती अपने फायर अंदाज में ही तीखा विरोध जताया है। उन्होंने कहा है कि अशिष्ट और असभ्य बर्ताव तो फांसी की सजा प्राप्त हुए अपराधी के साथ भीं नहीं होता। दुनिया के सबसे रईस एलन मस्क का बर्ताव उनकी दिमागी गरीबी एवं संस्कारो की फुहडता दर्शाता है।

## वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन गिनीज विश्व रिकॉर्ड से बढ़ेगा नृत्य साधकों का मान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ईश्वर की साधना को समर्पित वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन गिनीज विश्व रिकॉर्ड से नृत्य साधकों का मान बढ़ेगा। यह देश की संस्कृति और नृत्यसाधको के लिए गौरव का क्षण है। सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और विश्व पटल पर उपलब्धि दर्ज करने का यह सर्वोत्तम साधन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव खजुराहो में 51वें खजुराहो नृत्य समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गिनीज विश्व रिकॉर्ड से पूरी दुनिया भारत की विविध और समृद्ध संस्कृति से प्रकाशमान होगी। 24 घंटे 9 मिनट 26 सेकंड तक 139 नृत्य कलाकारों की अविरल साधना से बना विश्व रिकॉर्ड न सिर्फ कला साधकों का हौसला बढ़ाएगा बल्कि शासन के संस्कृति और विरासत को सहेजने के प्रयासों को भी गति देगा।

## प्राथमिक शिक्षक लुटगांव डुमारी लाल परस्ते निलंबित

भोपाल (आरएनएस)। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डॉ. संतोष शुक्ला ने डिंडौरी जिले के लुटगांव प्राथमिक शिक्षक डुमारी लाल परस्ते को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में उल्लेख है कि प्राथमिक शिक्षक डुमारी लाल परस्ते प्राथमिक शाला लुटगांव विकासखंड डिंडौरी द्वारा शिक्षा के अधिकार अधिनियम के विरूद्ध अध्ययनरत विद्यार्थियों से शाला प्रांगड़ में रखी ईटों की ढुलाई का कार्य कराकर अपने कर्तव्य की प्रति लापरवाही कर सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1,2,× का उल्लंघन करने का कृत्य किया गया। उक्त कृत्य के लिए मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए डुमारी लाल परस्ते प्राथमिक शिक्षक प्राथ. शाला लुटगांव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन काल में डुमारी सिंह परस्ते का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डिंडौरी निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

## लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथों पकड़ा पटवारी को

पिछोर/भोपाल (आरएनएस)। हनुमान बाग कॉलोनी में 2000 की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त पुलिस ने पटवारी को रंगे हाथ पकड़ा लिया गया है। फरियादी से नामांतरण और वसीयत करने की एबज में मांगे थे रूपये 25000 फरियादी पहले 2000 रुपये की क़िस्त दे चुका था, उसके बाद फरियादी को पटवारी द्वारा बार-बार परेशान किया जा रहा था। जिसको लेकर फरियादी ने लोकायुक्त ग्वालियर शिकायत की थी। जिस पर आज लोकायुक्त टीम ने पटवारी को 2000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा पटवारी का नाम दिग्विजय बताया जा रहा है। लोकायुक्त की टीम द्वारा पूछताछ जारी है।

## गोविन्दपुरा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में चिकित्सकों के दलों ने 110 सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा निगमकर्मियों विशेषकर स्वच्छता संबंधी कार्यों में संलग्न कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु समय-समय पर शिविरों का आयोजन किया जाकर शिविरों में विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच, औषधी वितरण के साथ ही उपचार एवं स्वास्थ्य के संबंध में सलाह दी जा रही है। इसी तारतम्य में बुधवार एवं गुरूवार को गोविन्दपुरा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 110 सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. शिवांगी दीक्षित व अन्य चिकित्सकों द्वारा किया गया एवं विभिन्न रोगों की जांच व औषधी वितरण भी किया गया। शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 एवं शनिवार, 22 फरवरी को आरिफ नगर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला मुख्य एवं चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों के आयोजन के क्रम में गोविन्दपुरा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में 19 एवं 20 फरवरी 2025 को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में डॉ. शिवांगी दीक्षित सहित अन्य चिकित्सकों व सहयोगी स्टॉफद्वारा 110 सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं विभिन्न रोगों की जांच/स्क्रीनिंग की गई और दवाओं का वितरण भी किया गया। शिविर में निगमकर्मियों की सुविधा के दृष्टिगत ई-के.वॉय.सी, आभा आई.डी व आयुष्मान कार्ड बनवाने की सुविधा भी दी गई।

## निगम की अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी

भोपाल(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण निरोधक कार्यवाही करते हुए सड़कों, फुटपाथों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से खड़े वाहन, गुमठियां, हाथ ठेले, बैरीकेट, टेंट, टीन शेड आदि को हटाया साथ ही कटआउट आदि निकलवाए और कंडम वाहन, लोडिंग ऑटो, गुमठियां, ठेले आदि सहित अन्य प्रकार का सामान जप्त भी किया। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने गुरूवार को कोलार रोड, फाईव एवेन्यू, डी-मार्ट, सर्वधर्म पुलिया, कोलार थाना, दानिशकुंज, कटारा हिल्स, स्प्रिंग वैली, रॉयल मार्केट, संत हिरदाराम नगर, मल्टी लेवल पार्किंग, अरेरा कालोनी, ओल्ड कैम्पियन ग्राउंड, कोकता, सोनागिरी, न्यू मार्केट, टी.टी. नगर, दशहरा मैदान, अशोका गार्डन, परिहार चौराहा, होशंगाबाद रोड, मैदामिल, स्टेशन बजरिया, रेलवे स्टेशन प्लेट फार्म क्रमांक 06 की ओर, मॉडल ग्राउंड आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए टी.टी. नगर दशहरा मैदान क्षेत्र में आवागमन को बाधित करने वाले लगभग 250 चार पहिया एवं 300 दो पहिया वाहनों एवं अवैध रूप से निर्मित 07 शेड हटवाने की कार्यवाही की साथ ही 04 कंडम वाहन, 02 लोडिंग ऑटो, 04 बड़ी गुमठियां जप्त की।

## भोपाल मंडल के दो स्टेशनों को मिला बीईई शून्य लेबल प्रमाणपत्र, रेलवे की ऊर्जा संरक्षण में बड़ी उपलब्धि

भोपाल (आरएनएस)। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के मंडीदीप और सांची रेलवे स्टेशन को बीईई शून्य लेबल प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणपत्र रेलवे की ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

यह प्रमाणपत्र भोपाल मंडल के विद्युत सामान्य विभाग के अथक प्रयासों का परिणाम है। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) संजय मानोरिया के नेतृत्व में इन स्टेशनों ने ऊर्जा प्रबंधन और दक्षता बढ़ाने के लिए कई प्रभावी उपाय अपनाए, जिससे यह उपलब्धि हासिल हुई है।

बीईई शून्य लेवल प्रमाणपत्र एक प्रतिष्ठित मान्यता है, जो ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए दी जाती है। इस प्रमाणपत्र का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों और भवनों में ग्रीन और कार्बन-न्यूट्रल वातावरण को बढ़ावा देना है। जिन प्रतिष्ठानों को यह प्रमाणपत्र मिलता है, वे शून्य कार्बन उत्सर्जन और ऊर्जा कुशलता को अपनाने की दिशा में काम करते हैं।

**-भोपाल मंडल की ग्रीन रेलवे परियोजना को मिला बढ़ावा**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि मंडीदीप और सांची रेलवे स्टेशन ने ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने प्रयासों को सिद्ध किया है। इस प्रमाणपत्र की प्राप्ति से भोपाल मंडल की ग्रीन रेलवे परियोजना को और मजबूती मिलेगी। रेलवे परिसरों में ऊर्जा संरक्षण और स्व'छ ऊर्जा के अधिकतम उपयोग को लेकर रेलवे प्रतिबद्ध है।

भोपाल मंडल ने इस उपलब्धि के साथ रेलवे की ऊर्जा लागत को कम करने और रेलवे परिसरों में प्रदूषण नियंत्रण को बढ़ावा देने के संकल्प को दोहराया है। इस पहल से न केवल रेलवे का ऊर्जा खर्च कम होगा, बल्कि यात्रियों को भी एक स्व'छ, हरित और पर्यावरण-अनुकूल स्टेशन की सुविधा मिलेगी।

## महापौर ने ग्लोबल इनवेस्टर समिट की तैयारियों हेतु किए जा रहे सौंदर्यीकरण व संधारण कार्यो का लिया जायजा

भोपाल (आरएनएस)। महापौर मालती राय ने नगर निगम भोपाल द्वारा ग्लोबल इनवेस्टर समिट के लिए राजधानी भोपाल को सजाने, संवारने हेतु सड़कों, फुटपाथों, सेंट्रल वर्ज, चैराहों, रोटरियों, जालियों, फव्वारों आदि की मरम्मत/निर्माण एवं रंगाई-पुताई के साथ ही पार्कों, सेंट्रल वर्ज, प्लांटर आदि में पौधरोपण तथा दीवारों आदि पर की जा रही आकर्षक पेंटिंग व विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों की स्थापना आदि हेतु किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया और जी.आई.एस जैसे विश्व स्तरीय आयोजन की गरिमा अनुरूप सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। अवलोकन के दौरान अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान, महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर व आर.के.सिंह बघेल, अधीक्षण यंत्रीउदित गर्ग व सुबोध जैन, कार्यपालन यंत्री प्रमोद मालवीय व आशीष श्रीवास्तव, जोन अध्यक्ष आरती अनेजा, पार्षदद्वय प्रियंका मिश्रा व कुसुम चतुर्वेदी आदि मौजूद थे।

## रहवासियों ने शराब की दुकान को लेकर सड़क पर उतर कर स्कूली बच्चों तथा महिलाओं के साथ किया विरोध प्रदर्शन




भोपाल(ए)। मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश की जनता की परेशानियों को देखते हुए धार्मिक स्थलों से शराब की दुकानों को हटाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिये है। लेकिन राजधानी भोपाल के रहवासी इलाकों में अलॉट की गई दुकानें आम जनता के लिए भारी परेशानी का सबब बन रही है। शहर के अशोका गार्डन स्थित राजीव नगर सेमराकलां मुख्य मार्ग पर धार्मिक स्थल और स्कूल के नजदीक ही शराब दुकान संचालित की जा रही है। यहॉ जमावड़ा लगाने वाले शराबियों की हरकतों से आम रहवासी, महिलाएं और स्कूली बच्चों को रोजाना ही परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। इसके विरोध में शुक्रवार को बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों और महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय रहवासी भरत माहेश्वरी, जीतू मालोटीया, अशोक वर्मा ने बताया कि राजीव नगर सेमरा मुख्य मार्ग पर शराब की दुकान है, इस रास्ते से निकलकर छोटे-छोटे बच्चे-बच्चियां स्कूल जाते हैं, उन्हें कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता होगा और स्कूल के पास ही शराब की दुकान होने पर बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। यहां से गुजरते समय कई बार तो शराब के नशे में धुत्त असमाजिक तत्व गलत व्यवहार भी करते हैं, जिससे आए दिन झगड़ा होता है। रहवासियो ने आगे कहा की शाम के समय यहां से पैदल जाने का रास्ता तक नहीं रहता। ऐसे में अपने बच्चो को स्कूल लेने जाने वाली महिलॉए 100 मीटर की जगह 500- से 800 मीटर घूमकर जाती है।

## मध्य प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रथम आगमन पर नवनियुक्त प्रभारी हरीश चौधरी का हुआ भव्य स्वागत

**-प्रदेश में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है: हरीश चौधरी**
**-कांग्रेस पदाधिकारियों, विधायकों, जिला/ शहर अध्यक्षों की बैठक संपन्न**

भोपाल(आरएनएस)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी में गुरुवार को नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के राजधानी भोपाल आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं और नेताओं ने फूल-मालाओं और जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण मौजूद थे।

बैठक में प्रदेश संगठन को मजबूत करने, आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों, संगठनात्मक बदलाव और पार्टी की रणनीति को लेकर व्यापक चर्चा की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पार्टी को मजबूती देने और जनहित के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाने के संकल्प को दोहराया। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सभी को संगठित होकर काम करना होगा। उन्होंने पार्टी की एकता और मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि हम सबको मिलकर प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत बनाना है और जनहित के मुद्दों को प्रदेश भर में प्रभावी ढंग से उठाना है, जनता के हितों के लिए सड़क से सदन तक पूरी ताकत के साथ विपक्ष की भूमिका का निर्वहन करना है। आगामी कार्ययोजना बनाकर जल्द ही प्रदेश भर में भ्रमण कर पार्टी की मजबूती के लिए एक-एक कार्यकर्ता से मुलाकात कर संगठन की मजबूती पर चर्चा की जायेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश और संकल्प प्रदेश में एक नया बदलाव लाएगा। उन्होंने सभी से एकजुट होकर कांग्रेस की नीतियों को जनता तक पहुंचाने और सशक्त संगठन निर्माण की दिशा में कार्य करने की अपील की। बैठक को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी संबोधित किया।

बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों, जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलनों, धरना-प्रदर्शनों और अन्य कार्यक्रमों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कांग्रेस पार्टी प्रदेश में हर स्तर पर मजबूती से संघर्ष करेगी और जनता की आवाज को बुलंद करेगी। बैठक के दौरान संविधान की उद्देशिका का वाचन कर उपस्थितजनों के लिए संविधान की रक्षा की शपथ दिलायी गई।

बैठक के बाद चौधरी और श्री पटवारी ने विधायकगणों, जिला/ शहर कांग्रेस अध्यक्षों, मोर्चा संगठनों, विभाग और प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ पृथक से संगठनात्मक चर्चा की।

# GIS में दिखेगी MP की सांस्कृतिक विरासत की झलक

## "अमृतस्य मध्यप्रदेश" नृत्य नाटिका में 100 से अधिक कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुतियां
## विभिन्न पारंपरिक विविधता को दिखाते लोकगीत, जनजातीय संगीत और नृत्य की होगी प्रस्तुतियां

भोपाल (आरएनएस)। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (GIS) में निवेशकों, उद्योगपतियों और अतिथियों को प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत और समृद्ध संस्कृति का अनुभव कराने के लिए विशेष रूप से संयोजित अमृत्य मध्यप्रदेश नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत विविधता और पर्यटन स्थलो की खूबसूरती को प्रसिध्द कोरियोग्राफर मैत्री पहाड़ी के निर्देशन में 100 से अधिक कलाकार अनूठे रूप में दर्शित करेगें। इसके साथ ही आयोजन स्थल इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में प्रदेश के पारंपरिक और स्थानीय लोकनृत्य, मटकी नृत्य, करमा जनजातीय नृत्य आदि की प्रस्तुति एक विशेष आकर्षण होगी। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि GIS के दौरान अतिथियों को मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन स्थलों की संगीतमयी अनुभूति करायी जाएगी। उनके मध्यप्रदेश आने के अनुभव को अविस्मरणीय बनाने के लिए कई मनमोहक कार्यक्रम अनूठे अंदाज में प्रस्तुत किए जाएगें। यह प्रयास प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और निवेशकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगे। आयोजन के अंतर्गत 23 फरवरी को ताज लेक फ्रंट होटल में शाम 6:30 बजे से बांसुरी, सरोद, सारंगी और जुगलबंदी जैसी संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। समिट के पहले दिन 24 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में सुबह 8 बजे से स्थानीय संस्कृति को प्रदर्शित करते लोककला दलों की प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। इसी दिन ओडीओपी (ODOP) मंच और मध्यप्रदेश पवेलियन में प्रदेश की सांस्कृतिक झलक भी देखने को मिलेगी, जिसमें गोंड और भील जनजातियों की लोक संस्कृति एवं बुंदेलखंड व चंबल अंचल की विरासत का प्रदर्शन भी किया जाएगा। शाम को गाला डिनर के दौरान लोकाँचल नृत्य बधाई, मटकी, जनजातीय नृत्य करमा के साथ विशेष अमृत्य मध्यप्रदेश नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर विभिन्न मंचों पर लोकगीत, जनजातीय संगीत और पारंपरिक लोक नृत्य का भी मनमोहक मंचन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये अतिथि निवेशकों को प्रदेश की एतिहासिक विरासत परंपरा और उससे हमारा जुड़ाव को नजदीक से अनूठे अंदाज में देखने को मिलेगा ।

# किसान भाई फसल विविधीकरण और प्राकृतिक खेती अपनाएँ : मंत्री श्री कुशवाह

## उद्यानिकी मंत्री श्री कुशवाह ने कृषि विश्वविद्यालय में किया अखिल भारतीय कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी एवं किसान मेले का उदघाटन



ग्वालियर (आरएनएस) । चार दिन तक चलने वाले किसान मेले में देश भर के उन्नतशील कृषक आए हैं भाग लेने चार दिवसीय अखिल भारतीय कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी एवं किसान मेला शुक्रवार को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में शुरू हुआ। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने प्रदर्शनी व किसान मेले का उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसान भाई अपनी आय दोगुनी करने के लिये फसल विविधीकरण और प्राकृतिक खेती (जैविक खेती) अपनाएँ। साथ ही फलों व फूलों की खेती भी करें। इसके लिये सरकार द्वारा आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाती है। यह किसान मेला सह अखिल भारतीय प्रदर्शनी राज्य शासन के किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, फार्मटेक इंडिया तथा कृषि विश्वविद्यालय की संयुक्त भागीदारी से लगाया गया है। इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आये कृषक उत्पादक संगठन, स्वयंसहायता समूह, कम्पनियों एवं किसान हितग्राही व किसानों से जुड़ी संस्थाओं द्वारा कृषि उपकरणों एवं लगभग 200 प्रकार की उन्नत कृषि तकनीकों की प्रदर्शनी लगाई है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री कुशवाह ने किसान मेला के उदघाटन समारोह में मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाकर खेती किसानी के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण इकाईयाँ स्थापित कर उद्यमी बन सकती है। श्री कुशवाह ने कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर में हवा में आलू पैदा होने की तकनीक की सराहना की। साथ ही कहा कि विश्वविद्यालय इसी प्रकार किसान की आय बढ़ाने के लिये नवीन तकनीकों की खोज जारी रखें। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि यह किसान मेला विभिन्न उत्पाद, कृषि यंत्रों एवं कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने के लिये उपयोगी है। इसका लाभ क्षेत्र के अधिकाधिक किसानों को दिलाएँ। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय को दुगना करने के संकल्प को पूरा करने के लिये कई तरह की योजनायें शुरू की हैं। इसी क्रम में उन्नत तकनीकों की जानकारी देने के लिये किसान मेले भी सरकार द्वारा लगवाए जा रहे हैं। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरविन्द कुमार शुक्ला ने कहा कि अच्छा उत्पादन प्राप्त करने के लिये भूमि को हृष्ट-पुष्ट करने की आवश्यकता है।

## एक करोड़ की अफीम जब्त, 8 गिरफ्तार


बैतूल (आरएनएस)। बैतूल पुलिस ने अफीम की अवैध खेती और सप्लाई के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 1 करोड़ की अफीम के साथ 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन ढाबा संचालक भी शामिल हैं। ये ढाबा संचालक हाईवे पर आने-जाने वाले ड्राइवरों को अफीम की खुराक देते थे। एसपी निश्चल एन झारिया के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर पुलिस पिछले एक महीने से इस खेती की जानकारी जुटा रही थी। रानीपुर थाना क्षेत्र के सड़क वाडा और सारणी के धंसेड में 75 लाख रुपए कीमत की अफीम की खेती पकड़ी गई।

## खिलचीपुर में पहली ट्रेन देखने स्टेशन पर उमड़ी भीड़

राजगढ़ (आरएनएस)। खिलचीपुर के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। आजादी के 78 साल के लंबे इंतजार के बाद यहां पहली बार रेल पहुंची। नव-निर्मित रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का आगमन देखने बड़ी संख्या में लोग जुटे ।रामगंज मंडी-भोपाल रेल परियोजना के तहत कोटा मंडल ने खिलचीपुर तक ट्रैक का निर्माण पूरा कर लिया है। शुक्रवार को इस मार्ग पर अंतिम ट्रायल रन सफल रहा। रेलवे सुरक्षा आयुक्त मनोज अरोड़ा और उनकी टीम ने नयागांव से खिलचीपुर तक 22 किलोमीटर के ट्रैक का निरीक्षण किया। अब इस खंड पर इलेक्ट्रिक ट्रायल होगा। इसके बाद नियमित ट्रेन सेवाएं शुरू होंगी ।भोपाल-रामगंज मंडी रेल परियोजना 276 किलोमीटर लंबी है। इसमें कुल 26 स्टेशन बनेंगे। प्रोजेक्ट के विभिन्न हिस्सों में काम अलग-अलग स्तर पर है। संत हिरदाराम नगर-निशातपुरा डी केबिन खंड का काम पूरा हो चुका है। जरखेड़ा-संत हिरदाराम नगर में 90% और शामपुर-जरखेड़ा में 70त्न काम पूरा हुआ है। 21 फरवरी को संत हिरदाराम नगर से झरखेड़ा खंड का सीआरएस निरीक्षण होगा।

## बिना परमिट संचालित स्कूली वाहनों पर कार्यवाही

### एक लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला




इन्दौर (आरएनएस) । इंदौर में कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर स्कूली तथा अन्य वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा वाहनों की विशेष चेकिंग की गई। लापरवाही पाये जाने पर 3 वाहन संचालकों के विरूद्ध एक लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा स्कूली वाहनों की विशेष चेकिंग अभियान के दौरान वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की गई। इस दौरान शहर के महू क्षेत्र स्थित जयसन्स एकेडमी की तीन स्कूली बस बिना परमिटतथा बिनाफिटनेस पायी गई जिन्हें जब्त कर आरटीओ ऑफिस इंदौर में रखा गया। जप्त बसों के संचालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम तथा मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई कर एक लाख 50 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। साथ ही स्कूल संचालकों और वाहन संचालक को हिदायत दी गई है कि बच्चों की सुरक्षा हेतु वाहनों को सही हालात में रखे जायें। इस हेतु सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करें और वाहनों के सभी दस्तावेज भी सही रखें। अभियान के तहत वाहनों की चेकिंग निरन्तर कार्यवाही जारी रहेगी। साथ ही बच्चों तथा पालकों से चालक-परिचालकों के व्यवहार आदि के बारे में फीडबैक भी लिया जा रहा है।

## नेहरु युवा केन्द्र कटनी के तत्वाधान में किया गया जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

कटनी (आरएनएस) । कटनी (20 फरवरी) - नेहरू युवा केंद्र कटनी (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वाधान में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के खेल मैदान में किया गया । इसमें 200 मीटर दौड़ (पुरुष) ,100 मीटर दौड़ (महिला), गोला फेंक (पुरुष), गोला फेंक (महिला), रस्सा कसी (पुरुष), खो-खो (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा खिलाड़ीयों के परिचय के पश्चात किया गया। नेहरू युवा केंद्र कटनी की जिला युवा अधिकारी श्रीमती कीर्तिका कुहर ने विकासखंड एवं जिला स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं खिलाड़ियों को शुभकामनाए दीं। जिला स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम में कटनी जिले के रीठी, विजयराघवगढ़ एवं बहोरिबंद विकासखंड स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम के विजेता उपविजेता टीमे तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों ने भाग लिया। खो-खो प्रतियोगिता में बरही टीम विजेता एवं रीठी टीम उपविजेता रहीं।

## बोर्ड परीक्षाओं के लिये ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित 34 केन्द्रों के लिये हुआ परीक्षा सामग्री का वितरण

### शासकीय कन्या उमावि शिंदे की छावनी से बाँटी गई परीक्षा सामग्री



ग्वालियर (आरएनएस) । जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के लिये प्रश्न-पत्र व उत्तर पुस्तिकायें सहित अन्य गोपनीय परीक्षा सामग्री का वितरण शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्र के 34 परीक्षा केन्द्रों के लिये किया गया। जयेन्द्रगंज स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिंदे की छावनी में बनाए गए वितरण केन्द्र से परीक्षा सामग्री वितरित कर विशेष वाहनों द्वारा निर्धारित रूट के अनुसार पुलिस अभिरक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों के लिये रवाना की गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने गुरुवार को सामग्री वितरण का जायजा लिया। शनिवार 22 फरवरी को शहरी क्षेत्र के 58 केन्द्रों के लिये परीक्षा सामग्री वितरित की जायेगी। ज्ञात हो मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल के तहत हायर सेकेण्ड्री (12वी) की परीक्षायें 25 फरवरी से शुरू होकर 25 मार्च तक आयोजित होंगीं।

इसी तरह हाई स्कूल (10वी) की परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होकर 21 मार्च तक चलेंगीं। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार ने बताया कि प्रश्न-पत्र संबंधित पुलिस थाने में कड़ी सुरक्षा के बीच रखे जा रहे हैं। उत्तर पुस्तिकायें व अन्य परीक्षा सामग्री संबंधित परीक्षा केन्द्र पर पहुँचाई जा रही है।

## व्यापार समाचार

### मार्च से बदल रहा पॉलिसी पेमेंट का तरीका, आईपीओ की तरह कर सकेंगे भुगतान

नई दिल्ली(ए.) ।कई लोगों को अपने बीमा प्रीमियम का भुगतान करना बहुत मुश्किल लगता है. ऐसे में भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने इस समस्या का समाधान खोज लिया है. दरअसल, आईआरडीएआई ने स्वास्थ्य या जीवन बीमा प्रीमियम के भुगतान की व्यवस्था को सरल बनाने के लिए एक नई व्यवस्था शुरू की है. बीमा प्रीमियम के भुगतान की यह नई व्यवस्था बीमा-एएसबीए है. इसकी मदद से लोगों को अपने बीमा प्रीमियम का भुगतान करने में आसानी होगी.

आईआरडीएआई ने कहा कि नई व्यवस्था पॉलिसीधारकों को प्रीमियम भुगतान के लिए अपने बैंक खाते में धनराशि ब्लॉक करने की सुविधा देती है. इस नई व्यवस्था से सुविधा बढ़ेगी और भुगतान में देरी कम होगी. नई व्यवस्था 1 मार्च से लागू होगी.

इंश्योरेंस-एएसबीए यानी इंश्योरेंस-एप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट की नई व्यवस्था के तहत बीमा कंपनियों द्वारा पॉलिसी धारकों को बीमा प्रस्ताव स्वीकार किए जाने से पहले यूपीआई के माध्यम से उनके बैंक खातों में एक निश्चित राशि ब्लॉक करने की सुविधा दी जाती है. ग्राहक द्वारा स्वीकृति दिए जाने के बाद ही राशि डेबिट की जाएगी. वहीं, अगर स्वीकृति नहीं मिलती है, तो राशि अपने आप अनब्लॉक हो जाएगी.

वहीं, अगर बीमाकर्ता पॉलिसी को स्वीकार या अस्वीकार नहीं करता है, तो भी फंड पॉलिसीधारक के खाते में ही रहेगा. नई व्यवस्था के तहत पॉलिसी जारी होने के बाद ही पैसे कटते हैं. राशि के ब्लॉक रहने का अधिकतम समय 14 दिन है. इसके बाद स्वीकृति मिलने पर खाते से पैसे कट जाते हैं.

बीमा पॉलिसी के लिए आवेदन करते समय आपको बीमा-एएसबीए का विकल्प चुनना होगा. फॉर्म में आपको प्रीमियम राशि को ब्लॉक करने की स्वीकृति देने का विकल्प चुनना होगा. बीमा कंपनी आपके बैंक को आपके खाते में आवश्यक राशि ब्लॉक करने के लिए अनुरोध भेजेगी. इसके बाद ग्राहक की स्वीकृति के बाद ही खाते से राशि डेबिट की जाती है.

### बर्मन परिवार ने रेलिगेयर में हासिल किया कंट्रोल...शेयर बने रॉकेट

नई दिल्ली(ए.) । रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के शेयरों में शुरुआती कारोबार में 8.5 फीसदी की तेजी आई, जो बीएसई पर 242 रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गई. यह बात बर्मन परिवार द्वारा ओपन ऑफर के सफलतापूर्वक पूरा होने के माध्यम से कंपनी में कंट्रोलिंग हिस्सेदारी हासिल करने के बाद सामने आई. परिवार की वर्तमान शेयरधारिता अब 83,201,819 इक्विटी शेयर या कुल शेयरों का 25.16 फीसदी है.एक्सचेंज के साथ फाइलिंग में यह खुलासा हुआ कि ओपन ऑफर के पूरा होने के बाद, सेबी (शेयरों का पर्याप्त अधिग्रहण और अधिग्रहण) विनियम, 2011 के तहत, बर्मन परिवार ने 231,025 इक्विटी शेयर हासिल किए, जो रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की कुल चुकता शेयर पूंजी का 0.07 फीसदी है. इसके अलावा ओपन ऑफर के हिस्से के रूप में परिवार ने पहले 31 जनवरी, 2024 को 13,200,000 इक्विटी शेयर हासिल किए थे, जो चुकता पूंजी का 3.99 फीसदी था. इन शेयरों को 18 फरवरी, 2025 को एस्क्रो डीमैट खाते से बर्मन परिवार के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया था. बर्मन परिवार ने सार्वजनिक शेयरधारकों से 9 करोड़ इक्विटी शेयर या रेलिगेयर के 26 फीसदी शेयर खरीदने के लिए खुली पेशकश की थी. यह अधिग्रहण परिवार के स्वामित्व वाली संस्थाओं के माध्यम से किया गया था, जिसमें एमबी फिनमार्ट प्राइवेट लिमिटेड (एमएफपीएल), पूरन एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड (पीएपीएल), वीआईसी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड (वीआईसी) और मिल्की इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी (एमआईटीसी) शामिल हैं.

# महंगे बाजारों में शुरु हुआ भारतीय फलों का निर्यात, जीआई टैगिंग से मिली बढ़त

नई दिल्ली(ए.) ।मोदी सरकार के सपोर्ट के कारण भारत के फलों को पहली बार पश्चिम के अधिक फायदा देने वाले बाजार मिले हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिली है।

कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ मंत्रालय अधिकारी ने कहा कि महंगे फलों से लेकर पारंपरिक खाद्य पदार्थों तक की यह पहली खेप इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे आत्मनिर्भर भारत के लिए मोदी सरकार का दृष्टिकोण भारतीय किसानों के लिए नए अवसर पैदा कर रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि भारत ने समुद्र के रास्ते ऑस्ट्रेलिया में प्रीमियम सांगोला और भगवा अनार की पहली खेप सफलतापूर्वक भेजी है। यह कम परिवहन लागत पर थोक निर्यात को बढ़ावा देगी और ऑस्ट्रेलिया के बाजारों में भारत के ताजे फल आसानी से पहुंच सकेंगे, जिससे अधिक भारतीय उपज के लिए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में प्रवेश करने का मार्ग खुलेगा। भारतीय अनार पश्चिमी ग्राहकों के बीच सफल साबित हुआ है। देश ने 2023 में अमेरिकी बाजार में हवाई मार्ग से ताजा अनार की पहली परीक्षण खेप निर्यात की थी। इससे देश की कृषि उपज को



वहां बाजारों में अपनी जगह बनाने में सफलता मिली। महाराष्ट्र के भगवा अनार में पर्याप्त निर्यात क्षमता है और इसका लगभग 50 प्रतिशत निर्यात राज्य के सोलापुर जिले से होता है। आधिकारियों ने बताया कि जीआई टैगिंग ने भारतीय फलों को विदेशी बाजार में अपनी जगह बनाने में एक अहम भूमिका निभाई है ।भारत के अनोखे जीआई-टैग वाले पुरंदर अंजीर अब यूरोप में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। 2024 में मोदी सरकार ने पुरंदर अंजीर से बने भारत के पहले रेडी-टू-ड्रिंक अंजीर जूस को पोलैंड को निर्यात करने की सुविधा शुरू की थी। इससे पहले 2022 में इसे जर्मनी को भी निर्यात किया गया था। पुरंदर अंजीर अपने अनोखे स्वाद और बनावट के लिए जाने जाते हैं। यह पहल वैश्विक स्तर पर भारत के अनोखे कृषि-उत्पादों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं ।2022 में भारत ने केरल के एर्नाकुलम के वजाकुलम से यूएई के दुबई और शारजाह के लिए जीआई टैग वाले वजाकुलम अनानास की पहली खेप को भी हरी झंडी दिखाई थी। इससे अनानास किसानों को बेहतर आय मिली। फलों के अलावा भारत की ओर से अनाजों के निर्यात पर खास फोकस किया जा रहा है। भारत का चावल निर्यात सालाना आधार पर 44.61 प्रतिशत बढ़कर 1.37 अरब डॉलर हो गया है, जो कि जनवरी 2024 में 0.95 अरब डॉलर था।

## मार्च से बदल रहा पॉलिसी पेमेंट का तरीका, आईपीओ की तरह कर सकेंगे भुगतान

नई दिल्ली,(ए.) । कई लोगों को अपने बीमा प्रीमियम का भुगतान करना बहुत मुश्किल लगता है. ऐसे में भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने इस समस्या का समाधान खोज लिया है. दरअसल, आईआरडीएआई ने स्वास्थ्य या जीवन बीमा प्रीमियम के भुगतान की व्यवस्था को सरल बनाने के लिए एक नई व्यवस्था शुरू की है. बीमा प्रीमियम के भुगतान की यह नई व्यवस्था बीमा-एएसबीए है. इसकी मदद से लोगों को अपने बीमा प्रीमियम का भुगतान करने में आसानी होगी.




आईआरडीएआई ने कहा कि नई व्यवस्था पॉलिसीधारकों को प्रीमियम भुगतान के लिए अपने बैंक खाते में धनराशि ब्लॉक करने की सुविधा देती है. इस नई व्यवस्था से सुविधा बढ़ेगी और भुगतान में देरी कम होगी. नई व्यवस्था 1 मार्च से लागू होगी.

इंश्योरेंस-एएसबीए यानी इंश्योरेंस-एप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट की नई व्यवस्था के तहत बीमा कंपनियों द्वारा पॉलिसी धारकों को बीमा प्रस्ताव स्वीकार किए जाने से पहले यूपीआई के माध्यम से उनके बैंक खातों में एक निश्चित राशि ब्लॉक करने की सुविधा दी जाती है. ग्राहक द्वारा स्वीकृति दिए जाने के बाद ही राशि डेबिट की जाएगी. वहीं, अगर स्वीकृति नहीं मिलती है, तो राशि अपने आप अनब्लॉक हो जाएगी.वहीं, अगर बीमाकर्ता पॉलिसी को स्वीकार या अस्वीकार नहीं करता है, तो भी फंड पॉलिसीधारक के खाते में ही रहेगा. नई व्यवस्था के तहत पॉलिसी जारी होने के बाद ही पैसे कटते हैं. राशि के ब्लॉक रहने का अधिकतम समय 14 दिन है. इसके बाद स्वीकृति मिलने पर खाते से पैसे कट जाते हैं.बीमा पॉलिसी के लिए आवेदन करते समय आपको बीमा-एएसबीए का विकल्प चुनना होगा. फॉर्म में आपको प्रीमियम राशि को ब्लॉक करने की स्वीकृति देने का विकल्प चुनना होगा. बीमा कंपनी आपके बैंक को आपके खाते में आवश्यक राशि ब्लॉक करने के लिए अनुरोध भेजेगी. इसके बाद ग्राहक की स्वीकृति के बाद ही खाते से राशि डेबिट की जाती है.

## बर्मन परिवार ने रेलिगेयर में हासिल किया कंट्रोल...शेयर बने रॉकेट

नई दिल्ली,(ए.) । रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के शेयरों में शुरुआती कारोबार में 8.5 फीसदी की तेजी आई, जो बीएसई पर 242 रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गई. यह बात बर्मन परिवार द्वारा ओपन ऑफर के सफलतापूर्वक पूरा होने के माध्यम से कंपनी में कंट्रोलिंग हिस्सेदारी हासिल करने के बाद सामने आई. परिवार की वर्तमान शेयरधारिता अब 83,201,819 इक्विटी शेयर या कुल शेयरों का 25.16 फीसदी है.

एक्सचेंज के साथ फाइलिंग में यह खुलासा हुआ कि ओपन ऑफर के पूरा होने के बाद, सेबी (शेयरों का पर्याप्त अधिग्रहण और अधिग्रहण) विनियम, 2011 के तहत, बर्मन परिवार ने 231,025 इक्विटी शेयर हासिल किए, जो रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की कुल चुकता शेयर पूंजी का 0.07 फीसदी है. इसके अलावा ओपन ऑफर के हिस्से के रूप में परिवार ने पहले 31 जनवरी, 2024 को 13,200,000 इक्विटी शेयर हासिल किए थे, जो चुकता पूंजी का 3.99 फीसदी था. इन शेयरों को 18 फरवरी, 2025 को एस्क्रो डीमैट खाते से बर्मन परिवार के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया था. बर्मन परिवार ने सार्वजनिक शेयरधारकों से 9 करोड़ इक्विटी शेयर या रेलिगेयर के 26 फीसदी शेयर खरीदने के लिए खुली पेशकश की थी. यह अधिग्रहण परिवार के स्वामित्व वाली संस्थाओं के माध्यम से किया गया था, जिसमें एमबी फिनमार्ट प्राइवेट लिमिटेड (एमएफपीएल), पूरन एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड (पीएपीएल), वीआईसी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड (वीआईसी) और मिल्की इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी (एमआईटीसी) शामिल हैं.

## किया ईवी6 की 1380 यूनिट्स को रिकॉल किया गया



मुंबई (ए.)। किआ मोटर ने इस साल ऑटो एक्सपो 2025 में अपनी प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी किया ईवी6 का फेसलिफ्ट मॉडल लांच किया था, जिसमें नए फीचर्स और अपडेट्स दिए गए थे। हालांकि, इसका डिजाइन उतना प्रभावी नहीं रहा। 17 जनवरी 2025 से कंपनी ने इसके फेसलिफ्ट वर्जन के लिए बुकिंग शुरू कर दी थी, लेकिन अब खबर आ रही हैं कि किया ईवी6 को रिकॉल किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, किया ईवी6 को रिकॉल करने का कारण इलेक्ट्रिक एसयूवी के इंटीग्रेटेड चार्जिंग कंट्रोल यूनिट (आईसीसीयू) में गड़बड़ी है। यह गड़बड़ी सॉफ्टवेयर से जुड़ी हुई है, इस अपडेट किया जाएगा। इसके कारण, कंपनी ने कुल 1380 यूनिट्स को रिकॉल किया है। ये यूनिट्स 3 मार्च 2022 से लेकर 14 अप्रैल 2023 के बीच बनी थीं। हालांकि, यह रिकॉल फेसलिफ्ट मॉडल के लिए नहीं, बल्कि पुराने मॉडल के लिए किया जा रहा है ।किया ने इस रिकॉल के बारे में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को भी जानकारी दी है। इसके बाद कंपनी अपने ग्राहकों से ई-मेल, मैसेज और फोन के जरिए संपर्क कर रही है। जिन ग्राहकों को रिकॉल किया गया है। वे अपनी गाड़ी को नजदीकी सर्विस सेंटर पर लेकर जा सकते हैं। अक्सर जब किसी गाड़ी को रिकॉल किया जाता है, तब ठीक करने के लिए कोई चार्ज नहीं लिया जाता। इसके बाद किया ईवी6 के लिए भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। कंपनी मुफ्त में गाड़ी की मरम्मत और सॉफ्टवेयर अपडेट करेगी। इसके बाद कंपनी ग्राहकों से संपर्क करेगी।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## कांग्रेस में युवाओं ओबीसी,अल्पसंख्यकों को महत्व

देश की सबसे पुरानी पार्टी में ताजा बदलाव हवा के ताजा झोंके की तरह है। कांग्रेस ने अपने संगठनात्मक बदलाव शुरू कर दिए हैं। 3 दिन पहले पार्टी ने 2 राज्यों के महासचिव और 9 के लिए प्रभारियों नियुक्त की है। खास बात है कि इस फैसले पर राहुल गांधी की छाप खास नजर आ रही है।

बानगी के तौर पर युवाओं को मौका देने के साथ ही ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को भी तरजीह दी गई है। दरअसल, कांग्रेस फिलहाल अपने चुनौतीपूर्ण और मुश्किल दौर में है। जब से पार्टी ने केंद्र की सत्ता गंवाई है उसके बाद से ही उसे खुद को साबित करने के लिए जूझना पड़ रहा है। कई अजीज और पार्टी की वर्षो से खिदमत करने वाले निष्ठुरता के साथ हाथ' को झटकते हुए घोर विरोधी सोच वाली पार्टी के खेवनहार बन गए।

गौर करने वाली यह है कि किसी भी पार्टी के लिए सत्ता गंवाना उतना कष्टप्रद नहीं रहता जितना वफादार कार्यकर्ताओं का साथ छोड़ जाना। बहरहाल, कांग्रेस ने अनुभवी और परखे हुए नेताओं को जिम्मेदारी देने के साथ-साथ युवा चेहरों को खास तवज्जो दी है। साथ ही राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय के एजेंडे को धार देने के लिए कांग्रेस के संगठन में भी सामाजिक न्याय की कवायद शुरू कर दी है।

राहुल 2024 में संपन्न लोक सभा चुनाव के समय से ही सामाजिक न्याय की वकालत और इसे धार देने की कोशिश में जी-जान से जुड़े दिखते हैं। खासकर जाति जनगणना की मांग और पिछड़ों व दलितों की हिस्सेदारी को लेकर वो काफी मुखर रहे हैं। संगठन में बदलाव भी उनकी इसी सोच को परिलक्षित करता दिखता है। पार्टी संगठन में जिन 11 लोगों की नियुक्त हुई है, उसमें चार ओबीसी, दो दलित, एक आदिवासी और एक अल्पसंख्यक समाज से हैं, तीन सवर्ण वर्ग से हैं, जिनमें रजनी पाटिल, मीनाक्षी नटराजन और कृष्ण अल्लावरु हैं।

साफ है कि राहुल अपनी सामाजिक न्याय की लड़ाई को विस्तार देने की जुगत में संजीदगी से लगे हैं। यह सब इस मायने में सही माना जाएगा कि नेता जो कहता है, उसे करता भी है। अभी तक कांग्रेस की राजनीति सवर्ण, दलित और अल्पसंख्यक समाज पर केंद्रित थी, जिसे भाजपा ने बेहद सफाई से अपने पाले में कर दिया। संगठन में बदलाव के बहाने अगर पार्टी के आत्मविश्वास में इजाफा होगा तो यह आने वाले दिनों में नि:संदेह सुकूनपरक होगा।



कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रायबरेली के नरपतगंज में बीआर अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी.

# बेहतर स्थिति में भारतीय अर्थव्यवस्था

**सतीश सिंह**

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दर जनवरी महीने में कम होकर 4.31 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जो पिछले 5 महीनों में सबसे कम है। यह दिसम्बर महीने में 5.22 प्रतिशत के स्तर पर थी, जबकि जनवरी 2024 में यह 5.1 प्रतिशत के स्तर पर थी। इससे पहले नवम्बर महीने में महंगाई दर 5.48 प्रतिशत के स्तर पर थी।

महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इनकी महंगाई महीने दर महीने आधार पर जनवरी महीने में घटकर 6.02 प्रतिशत के स्तर पर आ गई। दिसम्बर महीने में यह 9.04 प्रतिशत से घटकर यह 8.39 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी, जो जनवरी 2024 में 8.30 प्रतिशत के स्तर पर थी।

वहीं, ग्रामीण महंगाई दिसम्बर महीने में 5.95 प्रतिशत से घटकर 5.76 प्रतिशत और शहरी महंगाई 4.89 प्रतिशत से घटकर 4.58 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी। मौजूदा गिरावट की सबसे बड़ी वजह सब्जियों की कीमतों में भारी कमी का आना है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य और पेय पदाथरे की महंगाई जनवरी महीने में 5.68 प्रतिशत के स्तर पर रही, जबकि दिसम्बर महीने में यह 7.7 प्रतिशत के स्तर पर थी। खास तौर पर सब्जियों की कीमतें 25.6 प्रतिशत से कम होकर 11.35 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जिससे आमजन को भारी राहत मिली है। इसी क्रम में अनाज की महंगाई जनवरी महीने में 6.24 प्रतिशत के स्तर पर रही, जो दिसम्बर महीने में 6.5 प्रतिशत के स्तर पर रही थी। मांस और मछली की महंगाई जनवरी महीने में 5.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जो दिसम्बर महीने में 5.3 प्रतिशत के स्तर पर थी।

गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने दिसम्बर महीने में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए महंगाई के अनुमान को 4.8 प्रतिशत कर दिया था, जबकि इसके पहले केंद्रीय बैंक ने इसे 4.5 प्रतिशत के स्तर पर रहने का अनुमान जताया था। वहीं, वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 में महंगाई के भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के आसार हैं। किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढने़ पर वस्तु एवं सेवा दोनों की




कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग कम हो जाती है।

फिर, उनकी बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। फलतः आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं एवं विकास की गति बाधित होती है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि महंगाई को कम करने से ही विकास की रफ्तार तेज हो सकती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी के वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर के 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले 3 वित्त वर्षो से कम है। गत वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जीडीपी के 6.6 प्रतिशत की दर से आगे बढने़ का अनुमान जताया है। वैसे,भारत की जीडीपी वृद्धि दर के कम होने के बावजूद दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका से भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है और आगामी वर्षो में भी इसके मजबूत बने रहने के आसार हैं। वित्त वर्ष 2024 के दौरान अमेरिका में विकास दर के 2.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 2.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इधर, खनन और विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन के कारण दिसम्बर 2024 में भारत औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) वृद्धि दर कम होकर 3.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई। साथ ही, सरकार ने नवम्बर 2024 के आईआईपी आंकड़ों 5.2 प्रतिशत से संशोधित करके 5.00 प्रतिशत कर दिया है। खनन व विनिर्माण क्षेत्र की धीमी रफ्तार और विगत दो तिमाहियों में जीडीपी की धीमी गति को देखते हुए, सरकार विकास की गति को बढ़ाना चाहती है। इसलिए, बजट में भी निवेश, बचत और खपत को बढ़ाने पर जोर दिया गया है, क्योंकि इनमें तेजी लाकर ही आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाकर विकास को गति दी जा सकती है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने 7 फरवरी को की गई मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह 6.50 प्रतिशत से घटकर 6.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गया। गौरतलब है कि करीब 5 सालों के बाद रेपो दर में कटौती की गई है। मुख्य तौर पर महंगाई के कारण केंद्रीय बैंक अभी तक रेपो दर में कटौती करने से परहेज कर रहा था। पिछले दो सालों में 14 प्रतिशत से 16 प्रतिशत के बीच की ऋण वृद्धि रहने के बाद समग्र क्रेडिट ग्रोथ बीते कुछ महीनों से धीमी हो रही है और दिसम्बर 2024 में यह घटकर 11.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है। इसका एक बड़ा कारण उधारी दर का महंगा होना है। दरअसल, बैंकों के पास सस्ती पूंजी नहीं है। इसलिए वे महंगी दर पर ऋण देने के लिए मजबूर हैं और महंगी दर पर ऋण उपलब्ध होने के कारण आमजन और कारोबारी ऋण लेने से बच रहे हैं।इस वजह से, कंपनियों के पास पूंजी की कमी है, जिसके कारण वे पूरी क्षमता के साथ उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं। आरबीआई द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने से बैंकों को सस्ती दर पर पूंजी मिलेगी और वे सस्ती दर पर ऋण दे सकेंगे और जब सस्ती दर पर उधार मिलेगा तो आमजन और कारोबारी दोनों ऋण लेंगे, जिससे निवेश और बचत दोनों में तेजी आएगी और खपत बढ़ेगी साथ ही साथ आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। बजट में सरकार ने साफ तौर पर बता दिया है कि उसका मकसद विकास को गति देना है। दो तिमाहियों में जीडीपी वृद्धि दर के कम होने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है साथ ही साथ भारत का विकास दर विकसित देशों से भी अधिक है। इसलिए विकास दर में और भी इजाफा लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में कटौती की है। पुनश्च जनवरी महीने में महंगाई में कमी आने से आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में भी रेपो दर में कटौती करने का रास्ता साफ हो गया है, जिससे देश के विकास रफ्तार को बल मिलेगा।

# काशी तमिल संगमम संस्कृतियों के अभूतपूर्व संगम

नितिन प्रधान

देश दुनिया में अभी प्रयागराज में संगम तट पर चल रहे महाकुंभ को लेकर भारतीय संस्कृति की चर्चा हो रही है। तीन नदियों के संगम में करोड़ों सनातनी आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह क्रम जारी है।

26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन तक यह सिलसिला देखने को मिलेगा। इसी बीच काशी में गंगा तट पर काशी तमिल संगमम 3.0 चल रहा है। अपने तीसरे संस्करण में यह 24 फरवरी तक सनातनियों के लिए आत्मीय संबंध को नया आयाम देगा। काशी के पवित्र घाटों पर आयोजित काशी तमिल संगमम 3.0 वास्तव में गंगा और गोदावरी के मिलन जैसा अनुभव कराता है। गंगा घाटों पर जब तमिलनाडु और दक्षिण भारत के श्रद्धालु पहुंचते हैं तो यह केवल यात्रा नहीं, बल्कि संस्कृतियों के अभूतपूर्व संगम का उत्सव बन जाता है। काशी तमिल संगमम 3.0 इस भावनात्मक और सांस्कृतिक एकता का सजीव उदाहरण है, जहां दक्षिण और उत्तर भारत की परंपराएं एक-दूसरे में समाहित होती नजर आती हैं।

भारत की दो प्राचीन और समृद्ध सभ्यताओं का आत्मीय संगम है। गंगा के किनारे लोग एक-दूसरे को 'वणक्कम काशी' कहकर संबोधित करते हैं, तो यह अनूठा और भावनात्मक अनुभव बन जाता है। काशी तमिल संगमम 3.0 न केवल उत्तर और दक्षिण भारत के बीच संस्कृति सेतु का कार्य कर रहा है बल्कि यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा को भी साकार कर रहा है। यह संगमम 3.0 भारतीय परंपराओं, संस्कृतियों और जीवन मूल्यों का उत्सव है, जो विविधताओं के बीच राष्ट्रवाद की भावना को और प्रबल करता है। यह उत्तर और दक्षिण भारत के बीच सांस्कृतिक सेतु के रूप में कार्य कर रहा है। जब तमिलनाडु से यात्री वाराणसी रेलवे स्टेशन पर उतरते हैं, तो उनका स्वागत 'हर हर महादेव' के जयघोष से किया जाता है।

ढोल-नगाड़ों की थाप, स्वस्तिवाचन और पुष्पवर्षा से हर यात्री स्वयं को विशिष्ट अनुभव करता है। कांचीपुरम, जिसे संक्षेप में कांची कहा जाता है, तमिलनाडु का महत्त्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र है। यह क्षेत्र हिन्दू धर्म के प्राचीन तीर्थ स्थलों में से है, यहां कई ऐतिहासिक मंदिर स्थित हैं। कांची पलार नदी के किनारे बसी है, न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है बल्कि अपनी रेशमी साड़ियों के लिए भी प्रसिद्ध है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ब्रह्मा ने यहां देवी के दर्शन हेतु तपस्या की थी। कांची को मोक्षदायिनी सप्त पुरियों में स्थान प्राप्त है, जिनमें अयोध्या, मथुरा, द्वारका, हरिद्वार, काशी, उज्जैन और कांची शामिल हैं। यह नगरी हरिहरात्मक पुरी के रूप में प्रसिद्ध है, जहां शिवकांची और विष्णुकांची नामक दो भागों में विभिन्न मंदिर स्थित हैं। तमिलनाडु के लोग के लिए काशी केवल तीर्थ नहीं, बल्कि आध्यात्मिक आकषर्ण का केंद्र है। भगवान विनाथ, मां गंगा और देवी विशालाक्षी सदियों से तमिल भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती रही हैं। आदि शंकराचार्य के काशी आगमन और उनके द्वारा अद्वैत वेदांत के प्रचार के बाद, तमिल संतों का काशी से लगाव और गहरा हो गया।

काशी केवल शहर नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। बाबा विनाथ, काल भैरव, मां अन्नपूर्णा, देवी विशालाक्षी, आंध्र के मल्लिकार्जुन और तेलंगाना के भगवान राजराजेर जैसे तीर्थस्थल भारत की सांस्कृतिक पहचान को परिपूर्ण बनाते हैं। इस पवित्र नगरी ने अनेक संतों और महात्माओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की है, जिसका प्रभाव आज भी तमिल समाज में देखा जा सकता है। काशी का तेलुगु संस्कृति से भी गहरा नाता है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु काशी आते हैं। तेलुगु संतों और आचार्यों ने भी इस नगरी को विशेष रूप से गौरवान्वित किया है। तेलुगु संत तेलंगस्वामी, जिनका जन्म विजयनगरम में हुआ था, को स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस ने काशी का 'जीवंत शिव' कहा था। इसके अलावा, जिद्दू कृष्णमूर्ति और अन्य महान संतों को आज भी श्रद्धा के साथ याद किया जाता है।

काशी और तेलुगु संस्कृति का संबंध साहित्य और आध्यात्मिक परंपराओं में भी स्पष्ट रूप से झलकता है। आंध्र प्रदेश के वेमुलावाड़ा तीर्थ को 'दक्षिण का काशी' कहा जाता है, यहां की मंदिर परंपराओं में 'काशी दारम' (विशेष काला सूत्र) का प्रचलन आज भी है। इसी प्रकार, तेलुगु साहित्य में 'काशीखंडम' जैसे ग्रंथ काशी की महिमा का बखान करते हैं। समय के साथ काशी में भी व्यापक बदलाव हुए हैं। बाबा विनाथ धाम का पुनरु द्धार, गंगा घाटों का नवीनीकरण और बेहतर परिवहन सुविधाओं ने काशी यात्रा को और सुगम बना दिया है। पहले जहां दशामेध घाट तक पहुंचने में घंटों लगते थे, वहीं अब हाईवे और नई परिवहन व्यवस्थाओं से यह समय काफी कम हो गया है। गंगा में सीएनजी चालित नावें चलाई जा रही हैं। बनारसी खानपान लस्सी, ठंडाई, चाट, लिट्टी-चोखा और बनारसी पान जैसे पारंपरिक स्वाद काशी यात्रा को और यादगार बना देते हैं। वाराणसी के लकड़ी के खिलौने आंध्र प्रदेश के एटिकोपाका खिलौनों की तरह ही प्रसिद्ध हैं, जो भारतीय हस्तशिल्प की समृद्ध परंपरा को दर्शाते हैं।




मेष राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। विरोधी आज आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं ऐसा कोई मौका ही न दें। आपकी प्रतिभा मान-सम्मान बढ़ाने में कारगर साबित हो सकती है। आपको कुछ ऐसे काम दिए जायेंगे, जिन्हें आप आसानी से पूरा कर लेंगे। इस राशि के जो लोग विज्ञान से जुड़े हैं, आज उन्हें किसी नयी खोज में बड़ी सफलता मिल सकती है।

वृष राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता-पिता के साथ बितेगा। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, आज उन्हें तोड़कर जीवन में बदलाव लाने में सफल होंगे। आज सरकारी काम या कोर्ट संबंधित कामों को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

मिथुन राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुडे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज कार्यस्थल पर लोगों के साथ जुड़े रहने की और मिलने-जुलने की कोशिश करेंगे, लेकिन अपने विचारों में किसी भी प्रकार का बदलाव सोच-समझकर करें। पिछली बातों से मिली सीख को आज ध्यान में रखेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा।

कर्क राशि : आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजरअंदाज न करें। आज का दिन दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में बितेगा, आप उसके साथ बाहर जा सकते है जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी। परिवार के साथ रात का डिनर बाहर करने का मन बनायेंगे।

सिंह राशि : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फायदा दे सकते हैं। आज के दिन की शुरुआत शुभ संकल्पों से होगी। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है, उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है।

कन्या राशि: आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा। आज आप पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के लिए आप कुछ नया सीखेंगे। इस राशि के जो लोग सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उन्हें तरक्की के नये अवसर प्राप्त होंगे।

तुला राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी काम को लेकर बॉस आपको सलाह देंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए। आज महत्वपूर्ण काम पूरा होने से मन खुश रहेगा। आज कुछ नये मौके और नये विचार सामने आयेंगे, जिन्हें आप खुले मन से स्वीकार करेंगे।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा । सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है, जो आपके बहुत काम आ सकती है । इस राशि के जो लोग कोचिंग संचालक हैं, उनके लिये अपने काम में कुछ बदलाव करने का आज अच्छा दिन है। स्वास्थ्य को लेकर आज आप सतर्क रहेंगे। आज कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग बना रहेगा।

धनु राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

मकर राशि :आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बनायेंगे, जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। आज आपके व्यव्हार में सकारात्मक बदलाव आयेगा, जिससे जीवनसाथी बेहद प्रसन्न रहेंगे। आज व्यापार को गति देने में किसी अनुभवी की सलाह कारगर साबित होगी।

कुंभ राशि : आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी, जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उलझन में रहेगा, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है, इससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। लवमेट के साथ बाहर डीनर पर जा सकते हो। आज आपका दाम्पत्य जीवन शानदार रहेगा।

मीन राशि : आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जायेगा। सेहत आज फिट रहेगी। मन में पैसों को लेकर कई तरह के विचार आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने के लिए समय बेहतर है। ऑफिसियल यात्रा का कार्यक्रम बन सकता हैं।

# प्रयागराज में अस्मिता की नीलामी

**- राकेश अचल**

आस्था के महाकुम्भ को एक ईवेंट में बदलते वक्त उत्तरप्रदेश सरकार ने सोचा भी नहीं होगा कि उनका लालच हिन्दुस्तान की अस्मिता को नीलाम करने की मंडी में तब्दील हो जाएगा। महाकुम्भ को ईवेंट बनाकर जहां यूपी सरकार ने अपनी तिजोरियां भर लीं वहीं अब संगम में स्नान करती निर्दोष सनातनी महिलाओं की अर्धनग्न तस्वीरें भी लोगों की कमाई का जरिया बन गयीं हैं। इस सबके लिए जिम्मेदार लोगों को क्या माफ़ किया जा सकता है?

प्रयागराज में ही नहीं बल्कि हरिद्वार,नासिक और उज्जैन में न जाने कब से कुम्भ लगता आ रहा है ,आगे भी लगता रहेगा ,लेकिन इस धार्मिक आस्था के आयोजन में महा शब्द जोड़ा उत्तर प्रदेश की धर्मभीरु किन्तु लालची सरकार ने। सरकार ने कुम्भ में लोगों को आमंत्रित करने के लिए सारे स्वांग किया। ज्योतिषियों की मदद ली ,तकनीक की मदद ली और नतीजा ये है कि देश के सनातनियों में ऐसा धर्मिक उन्माद पैदा हुआ की आधा देश प्रयागराज की और कूच कर गया।। लोगों को लगा कि - अभी नहीं तो कभी नहीं । फिर ऐसा कुम्भ न जाने फिर कभी आएगा, जिसमें स्नान करने से मोक्ष और पापमुक्ति की सौ फीसदी गारंटी मिल रही है।

किस्सा ये है कि प्रयागराज के कुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने गयी युवतियों और महिलाओं की अधनंगी तस्वीरें अब इंटरनेट पर नीलाम हो रहीं है। बाकायदा इनकी रेटलिस्ट जारी हो चुकी है। आप अपनी जेब खाली कर राम तेरी गंगा मैली हो गयी की अभिनेत्री मन्दाकिनी के जैसे उत्तेजक और अर्धनग्न दृश्य खरीद सकते हैं अपने मनोरंजन के लिये। धंधक धोरियों ने इसके लिए ओपन बाथ और हिडन बाथ ग्रुप बनाये हैं। इन समूहों की सदस्यता 1999 रूपये से लेकर 3000 हजार रूपये तक है। जिन महिलाओं और युवतियों की अस्मिता नीलाम हो रही हैं उन्हें इसका पता ही नहीं है।

महाकुम्भ से यूपी की सरकार तो पहले ही 3 लाख हजार करोड़ कमा चुकी है। आसपास अयोध्या और बनारस के मंदिरों ने भी धर्मभीरु जनता की जेबें खाली करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अकेले



अयोध्या में साल बाहर पहले प्रतिष्ठित हुए रामलला मंदिर ने कमाई के नए कीर्तिमान बना डाले। कुम्भ के महाकुम्भ बनाये जाने से अकेले सरकार ने ही नहीं बल्कि पर्यटन, होटल , आवास सेवाएं, फूड, पेय पदार्थ उद्योग, परिवहन , लॉजिस्टिक्स पूजा सामग्री, धार्मिक वस्त्र ,हस्तशिल्, पहेल्थकेयर , वेलनेस सेवाएं, मीडिया, विज्ञापन , मनोरंजन उद्योग, स्मार्ट टेक्नोलॉजी, सीसीटीवी-टेलीकॉम और एआई आधारित सेवाओं से भी अकूत कमाई की गयी। श्रृद्धालुओं को भनक ही नहीं लगी कि किस तरह उनकी आस्था के बहाने प्रयागराज और आसपास एक बड़ा धर्म का कारोबार खड़ा कर दिया गया है।खबर है कि है कि डार्क वेब की मदद लेकर बदमाश संगम में स्नान करती युवतियों और महिलाओं के वीडियो बेच रहे हैं। इस माले में जब तक पुलिस की नींद खुली तब तक असंख्य वीडियो बेचे जा चुके थे। अब पुलिस हालांकि पुलिस मामले को लेकर कार्रवाई कर रही है. महिला तीर्थयात्रियों के अनुचित वीडियो पोस्ट करने के आरोप में एक इंस्टाग्राम अकाउंट के खिलाफ 17 फरवरी को मामला भी दर्ज होने का दावा किया गया है। कुम्भ से सरकार को कमाई करते देख डार्क वेब ने भी हाथ आजमा लिये। आपको बता दें कि डार्क वेब को इंटरनेट की दुनिया का काला पन्ना माना जाता है। ज्यादातर मामलों में साइबर अपराधी अपराध के लिए इसी का इस्तेमाल करते हैं। डार्क वेब एक ऐसा हिस्सा है जो इंटरनेट पर मौजूद है, लेकिन ये समान्य सर्च इंजन जैसे कि गूगल, बिंग के द्वारा एक्सेस नहीं किया जा सकता। यह एक प्रकार का एन्क्रिप्टेड नेटवर्क है जो विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करके एक्सेस किया जा सकता ह। डार्क वेब का उपयोग अक्सर अवैध गतिविधियों के लिए किया जाता है। इसके अलावा, डार्क वेब पर साइबर अपराधी भी सक्रिय होते हैं जो व्यक्तिगत जानकारी चोरी करने और अन्य अवैध गतिविधियों में शामिल होते हैं।

कुंभ में स्नान करती हमारी बहू -बेटियों, बहनों के स्नान वीडियो ऑनलाइन बाज़ार में बिकने लगे हैं और दुनिया का सबसे बड़ा शक्तिशाली आई टी सैल ,और 100 करोड़ श्रद्धालुओं की भीड़ व्यवस्थित कर सकने वाला परम प्रतापी मुख्यमंत्री कहाँ बैठा थे ? पूरी यूपी की पुलिस उन बदमाशों के इरादे और कारनामे नहीं भाँप पायी , देख कर भी पकड़ नहीं पायी ! योगी सरकार अब उन सारे वीडियो को हटवाने के लिये क्या कर पायेगी ,क्योंकि ये वीडियो तो अब हवा में तैर चुके हैं। इन्हें आसानी से विलोपित करा पाना सम्भव नहीं है। अच्छा हुआ कि मुसलमानों को संगम में नहीं आने दिया गया , वरना सबसे आसान था उन पर टेंटों में बार बार आग लगाने प्रयागराज में भगदड़ मचाने का ठीकरा उन्ही के सर फोड़ दिया जाता। अब कम से कम प्रयागराज में अस्मिता की मंडी लगाकर हो रही नीलामी और संगम जल को प्रदूषित करने का आरोप उन मुसलमानों पर नहीं लगाया जा सकेगा जिन्होंने भगदड़ के बाद प्रयागराज में फांसी बेबस सनातनियों को अपने मदरसों और मस्जिदों में पनाह दी थी। हिंदुस्तान के इतिहास में धार्मिक आस्थाओं के साथ खिलवाड़ की ये पहली शर्मनाक घटना है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी को देश से क्षमा मांगना चाहिए।

और भविष्य में ऐसे धार्मिक आयोजनों को इवेंट बनाने की गलती दोहराई नहीं जाना चाहिए। हमें याद है कि एक जमाने में कुम्भ स्नान के लिए गृहस्थ आश्रम से मुक्त बड़े-बूढ़े ही जाया करते थे लेकिन इस कुम्भ को ईवेंट बनाकर सरकार ने अबाल--बृद्ध सभी को कुम्भ स्नान के लिए मजबूर कर दिया। लोग धक्के खाकर ,जान हथेली पर रखकर पुण्य लाभ के लिए आज भी दौड़े चले जा रहे हैं। जय हो, जय हो। कुम्भ को पर्यटन उद्योग में तब्दील करने वालों की जय हो।




## 24 फरवरी से दिल्ली सरकार ने बुलाया विशेष विधानसभा सत्र, कैग रिपोर्ट होगी पेश

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली की नवगठित भाजपा सरकार ने 24 फरवरी से तीन दिन का विशेष विधानसभा सत्र बुलाया है। इस सत्र में सभी नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे, जबकि पांच साल से लंबित कैग की 14 रिपोर्ट भी पेश की जाएगी। कथित शराब घोटाले पर भी रिपोर्ट पटल पर रखी जाएगी।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद दिल्ली में नई भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक गुरुवार को सीएम रेखा गुप्ता की अगुवाई में हुई। बैठक में सीएजी की रिपोर्ट पर चर्चा हुई। अगले सप्ताह दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र होगा और इस सत्र में 14 सीएजी रिपोर्ट पेश की जाएंगी। इसके साथ ही कैबिनेट ने आयुष्मान भारत योजना को भी मंजूरी दी है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली बंपर जीत के बाद पीएम मोदी ने 8 फरवरी को भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने पिछली सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने का संकेत दिया था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ये आपदा लोग अपने घोटालों को छिपाने के लिए हर दिन नई साजिश रचते थे, लेकिन अब दिल्ली का जनादेश मिल गया है। मैं गारंटी देता हूं कि सीएजी रिपोर्ट पहले ही विधानसभा सत्र में पेश की जाएगी। भ्रष्टाचार के हर तार की जांच होगी और जिसने भी लूटा है, उसको लौटाना पड़ेगा।

बता दें कि आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान भाजपा लगातार इन रिपोर्ट को विधानसभा में रखने की मांग करती रही। भाजपा विधायकों ने कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया, जिस पर आप सरकार को फटकार सुननी पड़ी थी। इस बीच चुनाव आ गए और रिपोर्ट पेश नहीं हो सकी। तीन दिवसीय विशेष सत्र में इन रिपोर्ट्स को पेश किया जा सकता है। 24, 25 और 27 फरवरी को सत्र बुलाया गया है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का अवकाश है।

## सोनिया गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी, पेट से जुड़ी समस्याओं के चलते किया गया था भर्ती

नई दिल्ली,(आरएनएस)। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी मिल गई है. उन्हें कल पेट से जुड़ी समस्याओं के चलते यहां भर्ती कराया गया था. सर गंगाराम अस्पताल प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप ने बताया कि सोनिया गांधी को पेट संबंधी समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है और फिलहाल उनकी हालत स्थिर है. गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ डॉ. समीरन नंदी की देखरेख में डॉक्टरों की एक टीम उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है. डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, पूरी उम्मीद है कि शुक्रवार तक उन्हें छुट्टी मिल जाएगी. उनकी कुछ स्वास्थ्य संबंधी जांच भी कराई गई हैं।

दरअसल, 78 वर्षीय सोनिया गांधी को उम्र की वजह से कई बार स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने की वजह से पहले भी सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती किया जाता रहा है. सोनिया गांधी ने संसद के बजट सत्र में भी जब हिस्सा लिया था तब वह ठीक थीं. उन्हें आखिरी बार संसद में 13 फरवरी को देखा गया था. उन्होंने संसद में प्रश्न काल के दौरान सरकार से जनगणना जल्दी पूरी कराने के लिए भी कहा था. साथ ही उन्होंने दावा किया था कि देश के लोग खाद्य सुरक्षा कानून के तहत मिलने वाले लाभों से वंचित हैं. सोनिया गांधी ने यूपीए सरकार द्वारा शुरू किए गए एनएफएसए को देश की करोड़ों आबादी के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल बताया था।

बता दें कि सोनिया गांधी ने अपनी बढ़ती हुई उम्र के चलते इस बार लोकसभा चुनाव न लड़ने का भी फैसला किया था. साथ ही लोकसभा चुनाव से पहले ही राज्यसभा की सदस्य बन गईं थीं. उसके बाद उनकी जगह राहुल गांधी ने रायबरेली संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की. सोनिया गांधी लंबे समय तक कांग्रेस की अध्यक्ष रही हैं और उन्होंने राष्ट्रीय सलाहकार परिषद जैसे कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी काम किया है।

## वाराणसी में खड़े ट्रक से टकराई कर्नाटक के श्रद्धालुओं की कार, 5 लोगों की मौत, 5 घायल

वाराणसी (आरएनएस)। प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालु लगातार हादसे के शिकार हो रहे हैं. वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर मिर्जामुराद के पास शुक्रवार की सुबह कर्नाटक के श्रद्धालुओं से भरी कार रोड किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई. हादसे में दंपत्ति और 2 बच्चों समेत 5 की मौत हो गई. जबकि 5 लोग घायल हो गए. पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया.झमिर्जामुराद पुलिस के मुताबिक वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार की सुबह कर्नाटक से महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं से भरी कार ट्रक से टकरा गई. हादसे में 5 लोगों की मौत हुई है. कार में बैठे लोग बुरी तरह से घायल हो गए. मौके पर ही 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया. मरने वालों में दंपत्ति और 2 बच्चे भी शामिल हैं. जबकि 5 लोगों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है भारत : मोदी


### सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का पीएम ने किया उद्घाटन

नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सोल लीडरशिप सम्मेलन के पहले संस्करण का उद्घाटन किया. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हर क्षेत्र में अच्छे नेताओं को विकसित करने की बहुत जरूरत है. उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है, हमें हर क्षेत्र में इस गति को बढ़ाने के लिए विश्व स्तर के नेताओं की आवश्यकता है. इस अवसर पर वे उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे.इससे पहले पीएमओ की ओर से जारी जानकारी में बताया गया था कि भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य भाषण देंगे. 21 से 22 फरवरी तक



चलने वाला दो दिवसीय सोल लीडरशिप सम्मेलन एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेगा, जहां राजनीति, खेल, कला और मीडिया, आध्यात्मिक दुनिया, सार्वजनिक नीति, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र जैसे विविध क्षेत्रों के नेता अपनी प्रेरक जीवन यात्राएं साझा करेंगे और नेतृत्व से संबंधित पहलुओं पर चर्चा करेंगे. सम्मेलन सहयोग और विचार नेतृत्व के एक इकोसिस्टम को बढ़ावा देगा, जिससे युवा दर्शकों को प्रेरित करने के लिए विफलताओं और सफलताओं दोनों से सीखने की सुविधा मिलेगी।

स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप गुजरात में एक आगामी नेतृत्व संस्थान है जो जनता के सेवकों को जनहित में आगे बढ़ाने में सक्षम बनाएगा. इसका उद्देश्य औपचारिक प्रशिक्षण के माध्यम से भारत में राजनीतिक नेतृत्व के परिदृश्य को व्यापक बनाना और उन लोगों को शामिल करना है जो केवल वंशानुगत राजनीति से नहीं बल्कि सार्वजनिक सेवा के लिए योग्यता, प्रतिबद्धता और जुनून के माध्यम से आगे बढ़ते हैं. सोल आज की दुनिया में नेतृत्व की जटिल चुनौतियों का मार्गनिर्देशन करने के लिए आवश्यक जानकारी, कौशल और विशेषज्ञता लाता है।



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने परिवार के साथ प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स को स्टेशन पर हुई भगदड़ की वीडियो हटाने को कहा

नईदिल्ली, (आरएनएस)। रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (एनडीएलएस) पर मची भगदड़ का वीडियो हटाने को कहा है।रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्रालय ने नैतिक मानदंडों और मंच की सामग्री नीति का हवाला देते हुए 17 फरवरी को नोटिस जारी किया है और 36 घंटे के भीतर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।


मंत्रालय के नोटिस में एक्स को भगदड़ के वीडियो वाले 285 सोशल मीडिया लिंक हटाने को कहा गया है।रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्रालय के अपने नोटिस में मृत व्यक्तियों को चित्रित करने वाले संवेदनशील या परेशान करने वाले मीडिया पर चिंता जताई।

उसने कहा यह न केवल नैतिक मानदंडों के खिलाफ है, बल्कि एक्स.कॉम की सामग्री नीति का भी उल्लंघन करता है, क्योंकि ऐसी वीडियो से अनावश्यक कानून व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है।



उसने कहा, सोशल मीडिया की सामग्री भारतीय रेलवे परिचालन को बाधित कर सकती है, खासकर तब, जब वर्तमान में ट्रेनों में भारी भीड़ है।एनडीएलएस में भगदड़ के बाद दिल्ली रेल डिवीजन ने 19 फरवरी को एक नया प्रोटोकॉल लागू किया है।इसके तहत स्टेशन अधिकारियों को एनडीएलएस के प्लेटफार्म 8 से 16 पर किसी भी ट्रेन को आने की अनुमति देने से पहले रेलवे सुरक्षा बल से मंजूरी लेनी होगी।

# दोषी सज्जन कुमार की सजा पर अब 25 को फैसला, की गई फांसी की मांग



### 1984 सिख विरोधी दंगा

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 सिख दंगों के मामले में दोषी पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार की सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया गया है. पीड़ित पक्ष की तरफ से सज्जन कुमार के लिए फांसी की सजा की मांग की गई है. स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 25 फरवरी को फैसला सुनाने का आदेश दिया।

सज्जन कुमार को 1984 सिख विरोधी दंगों के समय सरस्वती विहार इलाके में जसवंत सिंह और तरुणदीप सिंह की हत्या के मामले में दोषी पाया गया है. राऊज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सज्जन कुमार की सजा पर दलीलें सुनने के लिए मामले को 21 फरवरी को सूचीबद्ध किया था. शुक्रवार को पीड़ित पक्ष की तरफ वकील ने सज्जन कुमार की सजा पर बहस पर लिखित दलील कोर्ट में जमा की. कोर्ट ने सज्जन कुमार के वकील से कहा कि वो भी मामले में लिखित दलील जमा कर दें।

अधिवक्ता गुरबख्श सिंह ने कहा कि सज्जन कुमार को 12 फरवरी को ही दोषी ठहराया जा चुका है. सरकारी वकील ने कहा कि यह ऐसा मामला है जिसमें उन्हें मृत्युदंड मिलना चाहिए. हमने शिकायतकर्ता की ओर से मृत्युदंड की मांग करते हुए लिखित दलील दी. न्यायाधीश ने बचाव पक्ष से दो दिन के भीतर लिखित दलील पेश करने को कहा है.बता दें कि 12 फरवरी को कोर्ट ने सज्जन कुमार को दोषी करार दिया था. मामला 1 नवंबर 1984 की है जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर में सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई थी. शाम को करीब चार-साढ़े चार बजे दंगाइयों की भीड़ ने पीड़ितों के राज नगर इलाके स्थित घर पर लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया. शिकायतकर्ताओं के मुताबिक इस भीड़ का नेतृत्व सज्जन कुमार कर रहे थे जो उस समय बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद थे.शिकायत के मुताबिक सज्जन कुमार ने भीड़ को हमला करने के लिए उकसाया जिसके बाद भीड़ ने सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह को जिंदा जला दिया. भीड़ ने पीड़ितों के घर में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी को अंजाम दिया. शिकायतकर्ता की ओर से तत्कालीन रंगनाथ मिश्रा की अध्यक्षता वाली जांच आयोग के समक्ष दिए गए हलफनामे के आधार पर उत्तरी जिले के सरस्वती विहार थाने में एफआईआर दर्ज की गई. एफआईआर में भारतीय दंड संहिता के विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए।

## परीक्षा में नकल न करवाने पर 2 छात्रों को मारी गोली, एक की मौत, नेशनल हाईवे जाम

पटना(आरएनएस)। बिहार के सासाराम में मैट्रिक परीक्षा के दौरान कोहराम मच गया. यहां बदमाशों ने दो छात्रों को गोली मार दी. इनमें से एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है. उधर, छात्र की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को रखकर कोलकाता-बनारस नेशनल हाईवे जाम कर दिया. बवाल इतना बढ़ गया कि विरोध कर रहे लोगों ने आगजनी कर दी.  रिपोर्ट के अनुसार गोलीबारी के बाद दोनों घायल छात्रों को आनन-फानन में अस्पताल लाया गया. इलाज के दौरान एक छात्र ने दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे का इलाज सासाराम सदर अस्पताल में जारी है.पुलिस के अनुसार घटना से आक्रोशित ग्रामीण विरोध प्रदर्शन पर उतर आए हैं और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं. ऐसे में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया ताकि हालात को नियंत्रित किया जा सके. बदमाशों ने छात्रों पर उस वक्त हमला किया, जब वे परीक्षा देकर लौट रहे थे. पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों तक पहुंचने की जद्दोजहद कर रही है।

## राजधानी के पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों के निजी स्टाफ की सेवाएं की खत्म

### सीएम रेखा गुप्ता का एक्शन शुरू

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पद संभालते ही एक्शन मोड में आ गई हैं. उन्होंने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लिया. सीएम रेखा गुप्ता ने राजधानी की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और मंत्रियों के निजी स्टाफ की सेवाओं को समाप्त कर दिया. यही नहीं नई सरकार ने पूर्व सरकारों द्वारा जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को दूसरे विभागों में नियुक्ति किया था, उनको भी तत्काल अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने का आदेश दिया है।

सरकारी आदेश में कहा गया है कि, सीएम और मंत्रियों के कार्यालयों में डायवर्टेड क्षमता में तैनात विभिन्न विभागों, संगठनों, निगमों, बोर्डों, अस्पतालों आदि के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से कर्तव्यों से मुक्त माना जाएगा और वे तत्काल प्रभाव से अपने संबंधित विभागों, बोर्डों, स्वायत्त निकायों, निगमों, अस्पतालों आदि को रिपोर्ट करेंगे.आदेश में आगे कहा गया है कि, सीएम और मंत्रियों के कार्यालय जीएडी को नए प्रस्ताव सौंपेंगे. हालांकि, दानिक्स, डीएसएस और स्टेनो कैडर के नियमित कर्मचारी अपना काम करना जारी रखेंगे. नव-शपथ ग्रहण करने वाले मुख्यमंत्री, मंत्री अगले आदेश तक अपने-अपने कार्यालयों में रहेंगे.बताया जा रहा है कि पुरानी सरकारों ने कई अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर दूसरे बोर्ड कारपोरेशन में भेज दिया था. इससे पहले पूर्व सरकार की ओर से सभी विभागों से कांट्रैक्ट और व्यक्तिगत स्टाफ की जानकारी मांगी गई थी. अब उनको मूल विभाग में लौटने को कहा गया है. बता दें कि सीएम रेखा गुप्ता शुक्रवार दोपहर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जेपी धनखड़ से मुलाकात करेंगी. इसके बाद वहीं शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगी. बता दें कि रेखा गुप्ता ने 20 फरवरी (गुरुवार) को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. उनके साथ 6 विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली. शपथ ग्रहण समारोह रामलीला मैदान में हुआं. जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, समेत एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

# दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में गिरा पारा, कई इलाकों में हो सकती है बारिश



नईदिल्ली (आरएनएस)। उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में गुरुवार तड़के हल्की बारिश हुई. इसके बाद तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिली. बता दें कि गुरुवार दिल्ली-एनसीआर के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा और मैदानी इलाकों में बारिश के बाद आज शुक्रवार को एक बार  फिर लोगों को सुबह-सुबह ठंड का एहसास होने लगा।

इस बीच मौसम विभाग ने एक बार फिर से शुक्रवार (21 फरवरी) को दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में हल्की बारिश के साथ तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है. इसके साथ ही विभाग ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है. उधर जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में लगातार हल्की बर्फबारी हो रही है।

बता दें कि गुरुवार को उत्तर भारत के कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई. उसके बाद दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, हरियाणा समेत कई मैदानी राज्यों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई. इसके साथ ही मौसम विभाग ने शुक्रवार (21 फरवरी) को भी कई जगहों पर हल्की बारिश का अनुमान जताया है. हालांकि आने वाले दिनों में एक बार फिर से मौसम साफ हो जाएगा और तापमान में बढ़ोतरी होगी।

गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में हुई बारिश के बाद जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई तो राजधानी की हवा भी पहले के मुकाबले साफ हो गई. इसके बाद लोगों को हल्की ठंड का भी एहसास होने लगा. दिल्ली में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो सामान्य से अधिक रहा. आईएमडी की मानें तो दिल्ली में आज भी दिनभर बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश हो सकती है. इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है. वहीं सीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक, बारिश के बाद दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 164 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में रहा.मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश हो सकती है. आईएमडी की मानें तो शुक्रवार को राजधानी लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर समेत 33 जिलों में हल्की बारिश और तेज हवाओं के चलने की संभावना है. उधर बरेली, शाहजहांपुर, रामपुर और बदायूं में ओलावृष्टि होने का अनुमान है. मौसम विभाग के मुताबिक, बिहार में अगले 60 घंटों तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा. रविवार को राज्य के 16 जिलों में बारिश होने का अनुमान है. जबकि भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया, गया और नवादा समेत कई जिलों में बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया गया है. वहीं झारखंड में कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है. वहीं कुछ स्थानों परप ओलावृष्टि होने का भी अनुमान है।

## एडवोकेट अमेंडमेंट बिल के खिलाफ तेज हुआ वकीलों का प्रदर्शन, दिल्ली के अलग-अलग कोर्ट में हड़ताल जारी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 के विरोध में दिल्ली के सभी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में सोमवार से काम काज ठप है. पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट में वकीलों ने शुक्रवार सुबह परिसर में इकट्ठा होकर एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 का विरोध जताया. इस दौरान वकीलों ने अमेंडमेंट बिल 2025 का पुतला जलाकर जमकर नारेबाजी की. जानकारी के मुताबिक तीस हजारी और रोहिणी कोर्ट के वकीलों ने अपनी नाराजगी जताने के लिए प्रदर्शन किया।

वकीलों ने बताया कि एडवोकेट एक्ट में अमेंडमेंट कर कुछ एक्ट को चेंज किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि 35ए को चेंज किया जा रहा है, जिसमें किसी भी तरीके के हड़ताल या काम बंद करने पर रोक लगाई जा रही है. जो भी ऐसा करेगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि अमेंडमेंट में यह भी प्रावधान है कि केंद्र सरकार बार काउंसिल ऑफ इंडिया को कोई भी डायरेक्शन दे सकता है, जिसे मानना बार काउंसिल ऑफ इंडिया को जरूरी होगा. इसका मतलब साफ है वकील सरकार के अधीन होकर चलेंगे. वकील किसी सरकार के कर्मचारी नहीं है, यह एक आजाद पेशा है. आजादी से पहले भी वकील आजाद थे और आगे भी आजाद रहेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि एडवोकेट एक्ट में अमेंडमेंट की कोई जरूरत नहीं थी।

## न्यायिक आयोग ने दाखिल की हाथरस भगदड़ मामले की रिपोर्ट, भोले बाबा को दी क्लीन चिट

हाथरस(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के हाथसर में पिछले साल भोले बाबा के सत्संग के दौरान मची भगदड़ मामले की न्यायिक जांच पूरी हो गई है. इसके साथ ही आयोग ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है. गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में इस जांच रिपोर्ट को रखा गया. कैबिनेट ने भी इस रिपोर्ट को सदन में रखने की मंजूरी दे दी है. ऐसा माना जा रहा है कि बजट सत्र में इस जांच रिपोर्ट को सदन में पेश किया जा सकता है।

सूत्रों की मानें तो, न्यायिक आयोग की इस रिपोर्ट में साकार नारायण विश्व हरि भोले बाबा को क्लीन चिट दे दी गई है. वहीं इस घटना में षड्यंत्र के पहलू पर स्थिति साफ नहीं है. बता दें कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हाथरस में हुई घटना की जांच के लिए पिछले साल ही 3 जुलाई को तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया गया था।

बता दें कि 2 जुलाई 2024 को हाथरस जिले के फुलरई-मुगलगढ़ी गांव में साकार नारायण विश्व हरि भोले बाबा के सत्संग का आयोजन हुआ था. सत्संग खत्म होने के बाद जब भोले बाबा कार्यक्रम स्थल से जाने लगे तभी वहां भगदड़ मच गई. इस घटना में 121 लोगों की मौत हुई थी, जबकि कई लोग घायल भी हुए हैं. घटना के बाद सीएम योगी खुद हाथरस पहुंचे थे और घायलों से मुलाकात की थी. साथ ही घटनास्थल का भी दौरा किया था. इस घटना की जांच के लिए सीएम योगी के निर्देश पर तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया गया था. जिसने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी।

हाथरस भगदड़ मामले की जांच करने के लिए बनाए गए न्यायिक आयोग में तीन लोग शामिल थे. इलाहाबाद हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव (द्वितीय) की अध्यक्षता में गठित न्यायिक जांच आयोग में पूर्व आइएएस हेमन्त राव और पूर्व आइपीएस भवेश कुमार सिंह को शामिल किया गया था. जांच के लिए आयोग को दो महीने का समय दिया गया था. हालांकि बाद में इस जांच की अवधि को बढ़ा दिया गया था.न्यायिक आयोग ने जिन बिंदुओं पर अपनी जांच की उनमें कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रदान की गई अनुमति तथा उसकी शर्तों का आयोजकों ने कितना पालन किया. जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा कार्यक्रम के दौरान भीड़ नियंत्रण तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्या उपाय किए गए. इसके अलावा घटना के पीछे कोई सुनियोजित आपराधिक षड्यंत्र जैसे बिंदुओं पर जांच की गई।

## शमा सिकंदर ने हॉटनेस से सोशल मीडिया पर बरपाया कहर, एक्ट्रेस की अदाओं पर दिल हार गए फैंस



टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर और हॉट लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।एक्ट्रेस शमा सिकंदर हमेशा अपने लुक्स से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। शमा सिकंदर की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने व्हाइट कलर का फर्र लुक में स्वेटर पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए कानों में इयररिंग्स, खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।शमा सिकंदर की इन फोटोज पर एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मट हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- बोल्ड एंड ब्यूटिफुल। तीसरे यूजर ने लिखा है- हॉट एंड सेक्सी। बता दें कि शमा सिकंदर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। उनका हर एक अंदाज इंस्टाग्राम पर आते ही बवाल मचाने लगता है।

## नादानियां की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, 7 मार्च को ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देगी दस्तक



इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर स्टारर फिल्म 'नादानियां' के निर्माताओं ने रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म 7 मार्च को ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है।'नादानियां' इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म है। वहीं, खुशी कपूर की यह 'द आर्चीज', 'लवयापा' के बाद तीसरी फिल्म है।नेटफ्लिक्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने इसकी घोषणा की और लिखा, कुछ कुछ होता है ऐसी नादानियां देखकर, 7 मार्च को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर नादानियां रिलीज हो रही है।'नादानियां' में इब्राहिम अली के किरदार का नाम अर्जुन मेहता है। वहीं, खुशी कपूर के किरदार का नाम 'पिया जय सिंह' हैं।'नादानियां' जेन जेड के रोमांस, प्यार और उसमें आने वाले मुश्किलों को पर्दे पर उतारती है।निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म 'नादानियां' के दूसरे ट्रैक 'गलतफहमी' को रिलीज किया है।

फिल्म का गाना प्यार के बीच आने वाली मुश्किलों को दिखाता है।इंस्टाग्राम हैंडल पर गाना शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, उन लोगों के लिए जिन्होंने प्यार किया, खोया और कभी समझा नहीं पाए! 'गलतफहमी' गाना रिलीज हो चुका है।'गलतफहमी' गाने को सचिन-जिगर ने कंपोज किया है और गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने गाने के बोल लिखे हैं। ट्रैक को आवाज तुषार जोशी और मधुबंती बागची ने दी है।इब्राहिम ने कहा, 'गलतफहमी' में कुछ ऐसा है जिससे आप जुड़ सकेंगे। यह वास्तविक है और दिल टूटने के दर्द को दिखाता है। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि दर्शक इससे कैसे जुड़ते हैं। यह प्यार और नुकसान का एक ऐसा पहलू है जो भरोसेमंद है। खुशी ने कहा, 'गलतफहमी' ने मुझे व्यक्तिगत रूप से प्रभावित किया और यह 'नादानियां' एल्बम के मेरे पसंदीदा ट्रैक में से एक है। मुझे विश्वास है कि दर्शक गलतफहमी के साथ जुड़ाव महसूस करेंगे। मैं लोगों के बीच इसे पेश करके काफी खुश हूं।शौना गौतम के निर्देशन में बनी 'नादानियां' को धर्मा एंटरटेनमेंट के तहत करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने तैयार किया है। यह फिल्म प्यार के कॉन्सेप्ट को एक नए मोड़ के साथ पेश करती है।इस फिल्म इब्राहिम अली खान, खुशी कपूर के साथ अभिनेत्री महिमा चौधरी, सुनील शेट्टी, दीया मिर्जा और जुगल हंसराज भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## रेजिना कैसांड्रा पंजाबी लड़की बनाम दक्षिण लड़की की भूमिका निभाएंगी



पंजाबी लड़की बनाम साउथ की लड़की की भूमिका निभाने पर रेजिना कैसंड्रा ने पत्रकारों से बात करते हुए पंजाबी लड़की और साउथ की लड़की की भूमिका निभाने के बारे में आश्चर्यजनक बातें बताईं। अपने सफ़र के बारे में बात करते हुए रेजिना ने कहा कि मैं 9 साल की उम्र से काम कर रही हूँ। मैंने पिछले 25 सालों में विज्ञापन, लघु फ़िल्में और फ़िल्में की हैं। इसलिए मैं इस इंडस्ट्री में एक लड़की होने के नाते क्या होता है, इसकी एक निश्चित समझ के साथ आई थी और इस इंडस्ट्री में एक साउथ इंडियन होना आसान नहीं है।रेजिना ने आगे कहा कि जब मैं हिंदी में किसी भी चीज के लिए ऑडिशन देती हूं तो वे मेरी भाषा कौशल को देखते हैं। क्या यह लड़की हिंदी बोल सकती है? जब वह बोलती है तो उसकी आवाज़ कैसी लगती है? क्या वह अपनी हिंदी पर काम कर रही है? यह बहुत ज़रूरी है। अगर मैं दक्षिण भारतीय की भूमिका निभा रही हूं तो वे उस उच्चारण को थोड़ा रहने देते हैं। लेकिन मैंने हिंदी बोलते समय अपने दक्षिण भारतीय उच्चारण को कम करने की कोशिश की। लेकिन जब बात दक्षिण की आती है तो वहां बहुत सी उत्तर भारतीय लड़कियां हैं जो दक्षिण में हीरोइन बन गई हैं और उन्होंने तमिल या तेलुगु से शुरुआत की और आगे चलकर बड़ी नाम बन गईं। हमें इस बात की परवाह नहीं थी कि लड़कियां तमिल बोल सकती हैं या नहीं।रेजिना ने ऑफर मिस करने के बारे में बताया कि मैंने बहुत सारे रोल मिस कर दिए हैं क्योंकि मेरी हिंदी उतनी अच्छी नहीं थी जितनी लोगों को लग रही थी। जैसे मैं पंजाबी लड़की का किरदार नहीं निभा सकती। और यह ठीक है। लेकिन एक पंजाबी लड़की एक साउथ इंडियन लड़की का किरदार निभा सकती है। और ऐसा मेरे साथ हुआ है। कल्पना कीजिए कि दक्षिण में कोई और व्यक्ति मेरे ऊपर चुना जाता है और उत्तर में भी वही व्यक्ति मेरे ऊपर चुना जाता है। मैं कहां जाऊं?

## छावा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 6: 200 करोड़ का आंकड़ा पार, बनी 2025 की पहली डबल सेंचुरी लगाने वाली फिल्म

विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना की हिस्टोरिकल एक्शन ड्रामा छावा ने छत्रपति शिवाजी जयंती पर एक नया रिकॉर्ड दर्ज किया है. छावा अब आधिकारिक तौर पर 200 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है. यह 2025 की पहली और सबसे तेज 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा करने वाली फिल्म बन गई है.

19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर महाराष्ट्र में पूरे दिन दर्शकों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि देखी गई. सैकनिल्क की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, लक्ष्मण उटेकर की निर्देशित फिल्म छावा ने 6वें दिन 32 करोड़ रुपये की कमाई की. फिल्म की पिछले दिन की कमाई 25.75 करोड़ से 26.73 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई.

छावा ने न केवल 30 करोड़ का आंकड़ा पार किया, बल्कि यह 2025 की पहली और सबसे तेज 200 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली फिल्म भी बन गई है. छावा ने यह कारनामा मात्र 6 दिनों में कर के दिखाया है. इस तरह छावा ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 6 दिनों में 203.68 करोड़ रुपये टोटल कलेक्शन किया है.बुधवार को बड़ी छलांग के साथ, विक्की कौशल की पीरियड ड्रामा ने 200 करोड़ क्लब में प्रवेश किया और अक्षय कुमार की तीन फिल्मों के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया. इसने 2.0 हिंदी (188 करोड़ रुपये), सूर्यवंशी (195.04 करोड़ रुपये), मिशन मंगल (200.16 करोड़ रुपये), गुड न्यूज (201.14 करोड़ रुपये) को पीछे छोड़ दिया है.

# अनुपम खेर की नई फिल्म तुमको मेरी कसम का ऐलान, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा




विक्रम भट्ट बॉलीवुड में अपनी हॉरर जॉनर की फिल्मों के लिए फेमस है। जल्द ही रिलीज होने वाली उनकी फिल्म 'तुमको मेरी कसम' रिलीज होगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है, जिसमें फिल्म की कहानी में थ्रिलर का तड़का है, साथ ही कोर्ट रूम ड्रामा भी नजर आ रहा है।

फिल्म 'तुमको मेरी कसम' में अनुपम खेर एक आईवीएफ हॉस्पिटल से जुड़े हुए नजर आ रहे हैं। वहीं इस फिल्म के टीजर में कोर्ट रूम सीन भी दिख रहे हैं। क्या है आईवीएफ और कोर्ट केस का नाता, यह तो फिल्म देखकर ही पता चलेगा। लेकिन टीजर में अनुपम खेर, अदा शर्मा और ईशा देओल के डायलॉग दमदार लग रहे हैं।

विक्रम भट्ट निर्देशित फिल्म 'तुमको मेरी कसम' मार्च के महीने में रिलीज होगी। यह फिल्म 21 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विक्रम भट्ट इस फिल्म को इंदिरा एंटरटेनमेंट एलएलपी ने प्रोड्यूस किया है। महेश भट्ट भी इंदिरा एंटरटेमेंट के साथ मिलकर इस फिल्म को प्रेजेंट कर रहे हैं। फिल्म की प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्वेताबंरी भट्ट, कृष्णा भट्ट सरदा हैं।

फिल्म 'तुमको मेरी कसम' में अनुपम खेर, अदा शर्मा के अलावा इश्वाक सिंह, ईशा देओल, मेहरजान मज्दा और सुशांत सिंह भी नजर आ रहे हैं। अनुपम खेर के किरदार के आगे फिल्म की कहानी को बुना गया है। यह फिल्म डॉ. अजय मुर्डिया की जिंदगी से इंस्पायर बताई जा रही है। विक्रम भट्ट ने इस कहानी को निर्देशित करने के साथ लिखा भी है। फिल्म 'तुमको मेरी कसम' के जरिए एक इमोशनल, थ्रिलर स्टोरी को विक्रम भट्ट दिखा रहे हैं लेकिन वह हॉरर फिल्मों के मास्टर माने जाते हैं। 'फियर', '1920', 'शापित', 'हॉन्टेड थ्रीडी', 'राज थ्रीडी', 'क्रिएचर थ्रीडी', 'राज रीबूट', '1921', 'गोस्ट', 'जुदा होगी भी' जैसी मूवी उन्होंने बनाई हैं।

## प्लास्टिक के कटेनर में खाना खाने से हार्ट फेलियर का खतरा, रिसर्च में दावा



बदलते समय के साथ लोगों की लाइफस्टाइल भी पूरी तरह बदल गई है. पहले जहां लोग घर पर बने खाने को खाना ज्यादा पसंद करते थे, वहीं अब बाहर के खाने का ट्रेंड बहुत ज्यादा है. लेकिन क्या आपको पता है न केवल ये खाना आपकी सेहत के लिए अच्छा नहीं होता बल्कि जिन प्लास्टिक के कंटेनर में ये पैक किया जाता है वो भी आपके लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकते हैं.

एक अध्ययन के मुताबिक, प्लास्टिक के कंटेनर से खाना खाने से कंजेस्टिव हार्ट फेलियर का खतरा बढ़ सकता है. यानि आपको अगर बाहर से पैक होकर आए प्लास्टिक के कंटेनर में खाना खाने के आदत है तो इसे तुरंत बदल लें. इतना ही नहीं अगर आप प्लास्टिक के बर्तनों में खाना खाते हैं या खाना स्टोर करते हैं तो ये आदत सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है. आइए जानते हैं इसके बारे में.

### प्लास्टिक के कंटेनर या डिब्बे में खाना रखने से क्या होता है?

साइंस डायरेक्ट डॉट कॉम में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार कंजेस्टिव हार्ट फेलियर का खतरा आंत में होने वाले बदलावों के कारण होता है.प्लास्टिक में मौजूद केमिकल्स शरीर में हार्मोनल असंतुलन कर सकते हैं. क्योंकि प्लास्टिक के बर्तनों में बीपीए और फथलेट्स जैसे केमिकल्स होते हैं. इसके साथ ही मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट फेलियर जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं.

### क्या होता है कंजेस्टिव हार्ट फेलियर?

रिपोर्ट के मुताबिक कंजेस्टिव हार्ट फेलियर में हृदय शरीर की जरूर के हिसाब से पर्याप्त मात्रा में खून को पंप नहीं कर पाता है. ऐसी स्थिति को ही हार्ट फेलियर कहते हैं. इस दौरान फेफड़ों और पैरों में खून और तरल पदार्थ जमा होने लगता है. इसे ऐसे समझिए की इस समय आपका दिल काम तो कर रहा होता है लेकिन यह उतना ब्लड पंप नहीं कर पाता जितना उसे करना चाहिए. इसके चलते शरीर के दूसरे हिस्सों में खून जमा होने लगता है. ये कंडीशन आगे चलकर काफी घातक साबित होती है. इससे इंसान की जान तक जा सकती है.

### चूहों पर भी हो चुका है शोध

चीनी शोधकर्ताओं ने प्लास्टिक के बॉक्स से होने वाली शारीरिक नुकसानों को लेकर चूहों पर शोध किया था. इसमें पता चला की प्लास्टिक के संपर्क में आने से कंजेस्टिव हार्ट फेलियर का जोखिम काफी हद तक बढ़ जाता है.

# मोबाइल फोन समेत इन 9 चीजों को छूने के बाद तुरंत धोएं हाथ, जानें क्यों जरूरी है ऐसा करना?



स्वस्थ जीवन जीने के लिए हाथ धोना कितना जरूरी है, इसका अनुभव कोरोना काल में सभी ने किया है. विशेषज्ञों के अनुसार, अपने हाथों को अच्छी तरह धोने से आप विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया, वायरस और कीटाणुओं से बच सकते हैं. क्योंकि ठीक से हाथ न धोने से कई बीमारियां हो सकती हैं. 80 प्रतिशत बीमारियां खराब स्वच्छता के कारण होती हैं. यह अध्ययन में सामने आई थी.

बता दें, हाथों को साफ रखना कीटाणुओं के फैलाव को रोकने और बीमारी को रोकने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है. हमारे दैनिक जीवन में, हम कई ऐसी चीजों को छूते हैं और अपने हाथ नहीं धोते हैं. क्योंकि हमें लगता है कि यह हानिकारक नहीं होते हैं. लेकिन हम गलत सोचते हैं क्योंकि कीटाणु हर तरफ होते हैं

रिपोर्ट के अनुसार, कीटाणु किसी भी सतह पर जिसे आप छूते हैं, 2 घंटे से ज्यादा तक जीवित रह सकते हैं. यह बहुत खतरनाक होते हैं और इसके कारण आपको कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. नीचे दी गई 9 वस्तुओं को छूने के बाद अपने हाथ धोना आवश्यक है.

करेंसी और नोट: वर्तमान डिजिटल युग में, कार्ड और यूपीआई के चलन में आने के बावजूद भी लोग करेंसी और नोट का उपयोग करते है. ऐसे में, करेंसी और नोट का उपयोग करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद महत्वपूर्ण है. क्योंकि विशेषज्ञों के अनुसार, करेंसी और नोट पर कई तरह के कीटाणु होते हैं. सिटी बैंक ऑफ न्यूयॉर्क द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि बैंक नोटों में सैकड़ों कीटाणु होते हैं. जिसमें बैक्टीरिया, वायरस और पशु डीएनए शामिल हैं. इसलिए, करेंसी और नोट की गिनती के बाद हाथ धोना बहुत महत्वपूर्ण है.

पेन: हममें से कई लोग ज्यादातर फोन और कंप्यूटर का उपयोग करते हैं, लेकिन कभी-कभी हमें अचानक पेन की जरूरत पड़ जाती है. जब हमें कुछ लिखना होता है या बैंक जाना होता है तो हम अपने पड़ोसियों से कलम मांगते हैं. ऐसे में, किसी और का पेन इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथों को अच्छी तरह धोने की सलाह दी जाती है. एक अध्ययन में पाया गया कि कार्यालय पेन में शौचालय सीट की तुलना में औसतन 10 प्रतिशत अधिक कीटाणु होते हैं. कुछ लोगों को अपनी कलम मुंह में डालने की आदत होती है. इसलिए, आपको पेन का उपयोग करने के तुरंत बाद अपने हाथ धोने चाहिए. अन्यथा आप बीमार पड़ सकते हैं.

पब्लिक ट्रांसपोर्ट: बसों और ट्रेनों जैसे सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के तुरंत बाद हाथ धोने की सलाह देती हैं.

एक अध्ययन से पता चला है कि यात्रियों के बैग, जूते और चप्पलों में कई कीटाणु और बैक्टीरिया होते हैं. यात्रा से लौटने के तुरंत बाद हाथ और पैर धोने चाहिए.

रेस्टोरेंट मेनू: रेस्टोरेंट उन स्थानों में से एक हैं जहां बैक्टीरिया और वायरस सबसे अधिक संख्या में पाए जाते हैं. इसलिए, यह सलाह दी जाती है कि होटल में जानें के बाद मेनू को न छूएं.

एक अध्ययन में पाया गया कि रेस्टोरेंट के मेनू में 1,85,000 बैक्टीरिया होते हैं. यदि आप गलती से भी मेनू को छू लें तो बीमार पड़ सकते हैं. विशेषज्ञ की सलाह है कि रेस्टोरेंट के मेनू देने के तुरंत बाद अपने हाथ धोना जरूरी है

मोबाइल और टच स्क्रीन: आज के मॉडर्न जमाने में सब कुछ कागज की जगह फोन पर निर्भर है. हर किसी के हाथ में मोबाइल फोन होता है. हम हर पल अपने फोन को देखते रहते हैं. विशेषज्ञों ने बताया है कि ऐसा करने से स्क्रीन से कई कीटाणु आपके हाथों में स्थानांतरित हो सकते हैं. इसलिए फोन का इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथों को अच्छी तरह से धो लें.

अस्पताल की चीजें: विभिन्न बीमारियों से पीड़ित कई मरीज हर दिन अस्पताल आते हैं. इसके कारण अस्पताल क्षेत्र में बहुत सारे बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं. विशेषज्ञों के अनुसार, एक डॉक्टर के पेन पर 46,000 कीटाणु होते हैं. इसीलिए अस्पताल की कुर्सियों, प्रतीक्षा कक्षों और हैंडलों को न छूने की सलाह दी जाती है.

पशु: हममें से कई लोग पालतू जानवरों को छूने के बाद अपने हाथ नहीं धोते हैं. लेकिन पालतू जानवरों को छूने के बाद अपने हाथ धोना महत्वपूर्ण है. क्योंकि जानवरों के शरीर में अनेक कीटाणु, बैक्टीरिया और विभिन्न प्रकार के वायरस होते हैं. इसके लिए सावधानी की आवश्यकता है. कटिंग बोर्ड और बर्तन धोने वाले स्पोंज: रसोई में कच्चे भोजन के अलावा, खाना पकाने के बर्तन, सफाई करने वाले स्पोंज और तौलियों में भी कीटाणु होते हैं. एक अध्ययन के अनुसार बर्तन धोने वाले स्पंज में 326 प्रकार के बैक्टीरिया पाए गए. इसलिए, इसे लंबे समय तक उपयोग न करने की सलाह दी जाती है. उपयोग के बाद हाथ धोने की भी सिफारिश की जाती है. विशेषकर खाना पकाने से पहले और मांस धोने के बाद.

साबुन और हाथ धोने का पंप: हम में से कई लोग बाहर जाते समय शौचालय में साबुन और हाथ धोने का पंप इस्तेमाल करते हैं. एरिजोना विश्वविद्यालय के शोध से पता चला है कि कई लोगों के इस्तेमाल के कारण इस पर सैकड़ों कीटाणु मौजूद रहते हैं. इसीलिए सलाह दी जाती है कि बाहर जाते समय साबुन का उपयोग करें और सावधानी से हाथ धोएं.

# काश पटेल बने एफबीआई निदेशक, अमेरिका के दुश्मनों को दी कड़ी चेतावनी




वाशिंगटन (ए)। भारतीय-अमेरिकी काश पटेल को अमेरिका की शीर्ष जांच एजेंसी, संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) का निदेशक नियुक्त किया गया है। वह इस पद पर पहुंचने वाले पहले भारतीय मूल के व्यक्ति हैं।

अपनी नियुक्ति के बाद उन्होंने अमेरिका के दुश्मनों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा, हम इस ग्रह के हर कोने में तुम्हारा पीछा करेंगे।

पटेल को अमेरिकी सीनेट ने 51-49 के मामूली बहुमत से एफबीआई निदेशक के रूप में मंजूरी दी। हालांकि, उनके नामांकन का डेमोक्रेट्स ने कड़ा विरोध किया। यहां तक कि दो रिपब्लिकन सीनेटर, लिसा मुर्कोव्स्की और सुसान कोलिन्स ने भी उनके खिलाफ वोट दिया। सीनेटर कोलिन्स ने कहा कि पटेल ने एफबीआई की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं, जिससे उनकी नेतृत्व क्षमता पर संदेह होता है।

पटेल ने क्रिस्टोफर रे की जगह यह पद संभाला है, जो दो साल पहले ही इस्तीफा दे चुके थे। एफबीआई निदेशक का कार्यकाल 10 साल का होता है, लेकिन उनके दो पूर्ववर्तियों का कार्यकाल समय से पहले समाप्त हो गया था। इससे पहले, 2017 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जेम्स कॉमी को उनके कार्यकाल के चार साल बाद ही हटा दिया था।

निदेशक पद संभालने के बाद पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी पहली पोस्ट की। उन्होंने कहा, एफबीआई की एक महान विरासत है, लेकिन हाल के वर्षों में न्याय प्रणाली के राजनीतिकरण ने जनता का भरोसा कमजोर किया है। यह अब खत्म होगा। उन्होंने एफबीआई को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की बात कही और कहा कि उनका लक्ष्य जनता का विश्वास वापस पाना है।

पटेल के नामांकन को लेकर काफी विवाद हुआ। उनके आलोचकों का कहना है कि उन्होंने एफबीआई को लेकर कई राजनीतिक बयान दिए हैं, जो इस एजेंसी की निष्पक्षता के लिए खतरा हो सकते हैं। हालांकि, ट्रंप समर्थकों और कई रिपब्लिकन नेताओं ने उनका समर्थन किया।

## डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान, ज्यादा दूर नहीं विश्व युद्ध, लेकिन इसे रोकने का है प्लान

न्यूयॉर्क (ए)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीसरे विश्व युद्ध को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जिस तरह के हालात चल रहे हैं उससे लगता है कि तीसरा विश्व युद्ध ज्यादा दूर नहीं है। लेकिन मेरा अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर होना इसे रोकेगा। मेरे पास विश्व युद्ध को रोकने का प्लान है।



मियामी में एक सभा को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हम दुनियाभर में चल रहे युद्धों को समाप्त करने और दुनिया में शांति बहाल करने में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हम नहीं चाहते कि अब और ज्यादा लोग युद्ध की वजह से मरें। उन्होंने कहा कि अगर हम मध्य-पूर्व और यूक्रेन में हुई मौतों को देखें को आप समझ सकते हैं कि आप तीसरे विश्व युद्ध से ज्यादा दूर नहीं है। ट्रंप ने अपने पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन को निशाने पर लेते हुए कहा कि अगर में एक साल और बाइडन का राज होता तो निश्चित तौर पर दुनिया तीसरे विश्व युद्ध को देख रही होती। लेकिन अब जबकि मैं अमेरिका का राष्ट्रपति हूं तो अब ऐसा कुछ नहीं होने वाला। अमेरिका के राष्ट्रपति ने यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिकी और रूसी प्रतिनिधियों की मेजबानी करने के लिए सऊदी अरब को भी धन्यवाद दिया और दोनों पक्षों की बातचीत को शांति के लिहाज से महत्वपूर्ण बताया। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर यूक्रेनी राष्ट्रपति की आलोचना भी की। उन्होंने जेलेंस्की को एक मामूली सफल कॉमेडियन बताया।ट्रंप ने कहा कि जेलेंस्की यूक्रेन में बिना किसी चुनाव के सत्ता में बने हुए हैं।

## अमेरिका ने यूक्रेन पर खनिज समझौते के लिए बढ़ाया दबाव, कहा- फिर से शुरू होनी चाहिए बातचीत

वाशिंगटन(ए)। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से अपील की कि वह अपने रुख में लचीलापन लाएं और अमेरिका के साथ खनिज सौदे पर फिर से बातचीत शुरू करें। वाल्ट्ज ने फॉक्स न्यूज से कहा, उन्हें इस पर गंभीरता से सोचकर समझौते पर हस्ताक्षर करना चाहिए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, प्रस्तावित समझौते में कथित तौर पर यूक्रेनी प्राकृतिक संसाधनों का 50 प्रतिशत हिस्से की मांग की गई है। यह समझौता पहले अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में पेश किया था। माना जाता है कि बेसेंट ने मुलाकात के दौरान जेलेंस्की से कहा, आपको सच में इस पर हस्ताक्षर करने की जरूरत है। हालांकि, कीव ने अब तक अमेरिकी प्रस्ताव को ठुकराया है। जेलेंकी ने बुधवार को कहा, मैं अपना देश नहीं बेच सकता। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, कुल मिलाकर संयुक्त राज्य अमेरिका ने हमें हथियारों के लिए लगभग 67 बिलियन डॉलर दिए और हमें बजटीय सहायता के रूप में 31.5 बिलियन डॉलर मिले। उन्होंने आगे कहा, कोई यह नहीं कह सकता कि हमें खनिजों के रूप में 500 बिलियन डॉलर वापस दे दो। इसके बावजूद यूक्रेनी नेता ने कहा कि कीव इस समर्थन के लिए आभारी है और ऐसे समझौते पर बातचीत करने के लिए तैयार है, जिसमें उनके देश के लिए अमेरिकी सुरक्षा गारंटी शामिल हो। यूक्रेन और रूस के लिए अमेरिका के विशेष दूत कीथ केलॉग के साथ कीव में बैठक के बाद, ज़ेलेंस्की ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी बातचीत को उत्पादक बताया। उन्होंने लिखा, यूक्रेन अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ एक मजबूत प्रभावी निवेश और सुरक्षा समझौते के लिए तैयार है। हमने परिणाम प्राप्त करने के लिए सबसे तेज़ और सबसे रचनात्मक तरीका प्रस्तावित किया है।

## गाजा से लौटा शव शिरी बिबास का नहीं, पीएम नेतन्याहू बोले- हमास को चुकानी पड़ेगी कीमत

यरूशलम (ए)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा कि हमास को बंधक शिरी बिबास के शव को समझौते के अनुसार रिहा न करने के लिए कीमत चुकानी होगी। यहूदी राष्ट्र ने फिलिस्तीनी ग्रुप पर युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया, क्योंकि फोरेंसिक जांच से पता चला है कि गुरुवार को गाजा से लौटा शव शिरी बिबास का नहीं था। प्रधानमंत्री ने एक वीडियो बयान में कहा, हम शिरी को सभी बंधकों - [जीवित और मृत दोनों] - के साथ घर वापस लाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हमास समझौते के इस क्रूर और बुरे उल्लंघन के लिए पूरी कीमत चुकाए। इज़रायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बताया कि सौंपे गए चार शवों में से दो की पहचान शिरी के बेटों एरियल और केफिर के रूप में हुई। एक शव ओडेड लिफशिट्ज का था। आईडीएफ ने कहा कि पहचान प्रक्रिया के दौरान, यह सामने आया कि जो चौथा शव प्राप्त हुआ है, वह शिरी बिबास का नहीं था, और किसी अन्य बंधक से भी उसका कोई मेल नहीं पाया गया। यह एक अनाम, अज्ञात शव है। एरियल बिबास की मृत्यु के समय आयु चार वर्ष थी वहीं केफिर बिबास की दस महीने। हमास ने अब तक इजरायल के आरोप पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी जारी नहीं की है।

## प्लीज हमारी मदद करें' पनामा के होटल में कैद अमेरिका से निकाले गए भारतीय समेत कई देशों के प्रवासी

पनामा (ए)। अवैध अप्रवासियों को अमेरिका की तरफ निकाले जाने के बाद अपने देश वापस भेजे जाने का इंतजार कर रहे भारतीयों सहित लगभग 300 लोगों को पनामा के एक होटल में हिरासत में रखा गया है। एपी की रिपोर्ट के अनुसार, हिरासत में लिए गए प्रवासी कथित तौर पर भारत, नेपाल, श्रीलंका, ईरान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन सहित 10 एशियाई देशों से हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिरासत में लिए गए लोगों पर पुलिस की निगरानी है। उन्हें होटल से बाहर जाने से रोक दिया गया है। पनामा सरकार उनके स्वदेश लौटने की व्यवस्था करने के लिए अंतरराष्ट्रीय अधिकारियों से बात कर रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, होटल में मौजूद कुछ प्रवासियों ने अपनी खिड़कियों से प्लीज हमारी मदद करें और हम अपने देश में सुरक्षित नहीं हैं जैसे संदेश वाले नोट भी दिखाए। मुख्य रूप से एशियाई देशों से निर्वासित लोग पनामा में अधर में लटके हुए हैं। एपी रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 40 प्रतिशत निर्वासित लोगों ने कहा है कि वे स्वेच्छा से अपने मूल देशों में वापस नहीं लौटेंगे। इससे यह सवाल उठता है कि उन्हें होटल में कितने समय तक हिरासत में रखा जाएगा। पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका से निर्वासित एक भारतीय समूह के सुरक्षित रूप से पनामा पहुंचने की जानकारी पनामा सरकार ने भारत को दी है। पनामा में मौजूद 'भारतीय मिशन' स्थानीय सरकार के साथ मिलकर निर्वासितों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है।

## सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को वापस नहीं लाना चाहता था बाइडेन प्रशासन, ट्रंप और मस्क का दावा



वाशिंगटन (ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और मस्क ने दावा किया है कि अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर को बाइडेन प्रशासन ने जानबूझकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर छोड़ा था। मस्क ने दावा किया कि उनकी वापसी में देरी करने के पीछे राजनीतिक कारण थे। इस दौरान ट्रंप और मस्क ने सुनीता की वापसी पर अपडेट देकर कहा है कि वे फंसे हुए यात्रियों को जल्द से जल्द वापस लाने की कोशिश में जुटे हैं।

हाल ही में इंटरव्यू के दौरान ट्रंप ने कहा, बाइडेन सुनीता सहित नासा के अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष से वापस नहीं ला रहे थे। वहीं मस्क ने ट्रंप के बयान पर सहमति दिखाते हुए कहा कि इसके पीछे राजनीतिक कारण थे। मस्क ने कहा, हां, उन्हें राजनीतिक कारणों से वहां छोड़ दिया गया था, जो सही नहीं है। अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के बारे में मस्क ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर हम उनकी वापसी में तेजी ला रहे हैं। यह एक तरह से हास्यास्पद है कि इस अब तक स्थगित कर दिया गया था।

ट्रंप ने दावा किया कि मस्क की कंपनी को सुनीता की वापसी को लेकर बाइडेन प्रशासन से अनुमति नहीं मिली थी। उन्होंने कहा, वह (बाइडेन) उन्हें अंतरिक्ष में ही छोड़ने वाले थे। वहीं सुनीता और विल्मोर को वापस लाने के स्पेस एक्स के मिशन के बारे में मस्क ने कहा, हम पहले भी कई बार अंतरिक्ष स्टेशन से यात्रियों को वापस ला चुके हैं और हमेशा सफल रहे हैं। सुनीता विलियम्स की वापसी कब तक हो पाएगी, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें वापस लाने में करीब चार सप्ताह लग सकते है।

# खेल समाचार

## वायरल वीडियो में रोहित शर्मा के चेहरे पर दिखी डबल खुशी, बांग्लादेशी खिलाड़ी है वजह



नईदिल्ली, (आरएनएस) । चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा मैच बांग्लादेश और भारत के बीच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार को खेला गया था. जहां, भारत ने 6 विकेट से जीत दर्ज की. इस मैच का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें हिटमैन काफी खुश दिख रहे हैं. बांग्लादेश के साथ खेले गए मैच में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा से एक काफी अहम कैच ड्रॉप हो गया था. 9वें ओवर में जब अक्षर पटेल हैट्रिक पर थे, तब हिटमैन के हाथ से एक आसान कैच छूटा और जाकेर अली को जीवनदान मिल गया था. लेकिन, जब भारतीय पारी चल रही थी, तब कुछ ऐसा हुआ, जिसे देखकर यकीनन हिटमैन को काफी खुशी हुई.असल में, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि भारतीय कप्तान रोहित ने जिस बांग्लादेशी बल्लेबाज जाकिर अली का कैच छोड़ा था, फील्डिंग करते हुए उसके हाथों केएल राहुल का कैच छूट गया. जहां, मैदान पर केएल ने राहत की सांस ली, वहीं बाहर बैठे रोहित शर्मा भी काफी खुश दिखे.भारत और बांग्लादेश के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा मुकाबला खेला गया. जहां, बांग्लादेश ने 228/10 रन का स्कोर बोर्ड पर लगाया, जिसमें तौहीद हृदोय ने शतक लगाया. जब भारतीय टीम इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी, तो उसने शुरुआत तो अच्छी की, लेकिन फिर पारी धीमी हो गई. शुभमन गिल के शतक के साथ भारत ने इस लक्ष्य को 46.3 ओवरों में 4 विकेट गंवाकर हासिल किया और 6 विकेट से मैच जीत लिया. अब टीम इंडिया टूर्नामेंट में अपना अगला मैच पाकिस्तान के खिलाफ 23 फरवरी को खेलने वाली है।

# अब तनावमुक्त होकर किसी बच्चे की तरह खेल का आनंद लेना चाहता हूं : धोनी



मुंबई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद केवल आईपीएल में ही खेलते नजर आते हैं। धोनी अब 43 साल के हो गये हैं और माना जा रहा है कि आईपीएल 2025 के बाद वह इस लीग में भी शायद ही खेलें। ऐसे में अब धोनी करियर के अंतिम समय में तनावमुक्त होकर किसी बच्चे की तरह खेलना चाहते हैं। धोनी की कप्तानी में ही चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने पांच बार खिताब जीता था पर पिछले सत्र में उन्होंने कप्तानी भी छोड़ दी थी। धोनी का कहना है कि अभी वह आईपीएल खेलते रहेंगे पर वह किसी बच्चे की तरह क्रिकेट खेलने का आनंद उठाना चाहते हैं। आईपीएल में वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से उनके संन्यास के पांच साल से अधिक हो गये हैं। ऐसे में अब उन्हें 'अनकैप्ड क्रिकेटर के तौर पर ही शामिल किया गया है।धोनी ने कहा कि मैं 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले चुका हूं। इस बीच मैं जितने भी साल खेलने के बचे हैं, उसमें एक बच्चे की तरह अपने खेल का आनंद लेना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मैं उसी तरह से इसका मजा लेना चाहता हूं जैसे अपने स्कूली दिनों में लेता था। जब मैं एक कॉलोनी में रहता था और दोपहर 4 बजे खेलने का समय होता था। हम उस समय क्रिकेट ही खेला करते थे। मौसम खराब होने पर फुटबॉल खेलते थे। मैं उसी मासूमियत के साथ खेलना चाहता हूं हालांकि यह उतना आसान नहीं है।धोनी ने कहा कि भारत के लिए खेलते समय उनका ध्यान हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता था और बाकी सब बाद में आता था। उन्होंने कहा कि एक क्रिकेटर के तौर पर भारतीय क्रिकेट टीम के लिए मैं हमेशा अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था। मैं पहले भी कह चुका हूं कि हर किसी को देश के लिए खेलने का अवसर नहीं मिलता।

## शुभमन बोले हमें बाहर से मिल रहे थे निर्देश

दुबई (ए)। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले ही मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शानदार शतक लगाकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले उपकप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि उन्हें अंत तक बल्लेबाजी करने के संदेश मिले थे। शुभमन ने इस मैच में धीमी बल्लेबाजी करते हुए 129 गेंदों पर 9 चौके और दो छक्के लगाकर 101 रन बनाये। धीमी बल्लेबाजी का कारण शुभमन ने ड्रेसिंग रुम से मिल रहे उस संदेश को कारण बताया जिससे उन्हें टिककर अंत तक खेलने को कहा गया था। शुभमन की इस बात से साफ है कि कोच गौतम गंभीर ने मैच पर नियंत्रण बनाये रखा हुआ था। भारतीय टीम ने शुभमन की शानदार बल्लेबाजी और शमी के पांच विकेटों की सहायता से आसानी से मैच जीत लिया। शुभमन अपनी बल्लेबाजी से खुश दिखे और कहा, ''यह निश्चित रूप से मेरे सबसे अच्छे शतकों में से एक था। आईसीसी टूर्नामेंट में यह मेरा पहला शतक है जिससे मैं काफी उत्साहित हूं। पिच आसान नहीं थी। शुरुआत में ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही थी पर हमें मैदान के बाहर से निर्देश मिल रहे थे और उसी के अनुसार मैंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ क्रीज का इस्तेमाल करते हुए स्ट्रोक्स खेले जिससे काफी लाभ हुआ। कप्तान रोहित ने मैच जीतने के बाद कहा, '' आपको हर मैच से पहले आत्मविश्वास से भरा रहना होगा। मैच के दौरान हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना पड़ता है।

## पाकिस्तान के खिलाफ खूब चलता है विराट कोहली का बल्ला, आंकड़े हैं गवाह

नईदिल्ली, (आरएनएस) । जब-जब भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने आती हैं, तब-तब फैंस के बीच अलग ही स्तर का उत्साह देखने को मिलता है. अब 23 फरवरी को भारत-पाकिस्तान के बीच एक हाईवोल्टेज मैच खेला जाने वाला है, जिसमें एक बार फिर सभी की नजरें विराट कोहली पर होंगी. तो आइए आपको विराट के आंकड़ों के बारे में बताते हैं कि उन्होंने अब तक आईसीसी टूर्नामेंट में पाक के खिलाफ कैसा प्रदर्शन किया है और कितने रन बनाए हैं। विराट कोहली ने वनडे फॉर्मेट में पाकिस्तान के खिलाफ कई मैच खेले हैं, जो वर्ल्ड कप के अलावा चैंपियंस ट्रॉफी के भी हैं. कोहली ने 2011 के वर्ल्ड कप सेमीफाइनल मैच में 9(21) रन बनाए थे. इसके बाद 2015 के वर्ल्ड कप में विराट ने 107 रन की पारी खेली. फिर 2019 में 77 और 2023 में 16 रन की पारी खेली। वहीं, चैंपियंस ट्रॉफी की बात करें, 2009 में 16 रन, 2013 में नाबाद 22, फिर 2017 में नाबाद 81 और फिर इसी टूर्नामेंट के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 5 रन की पारी खेली थी।टी-20 वर्ल्ड कप में भी विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर रन बनाए हैं. 2012 में विराट ने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 78(61) रन बनाए. फिर 2014 में नाबाद 36(32), फिर 2016 नाबाद 55, 2021 में 57, 2022 में नाबाद 82 और पिछली बार 2024 में 4 रन बनाए. यदि आप विराट के आंकड़ों पर गौर करें, तो देखेंगे की कोहली ज्यादातर मैचों में नाबाद ही लौटे हैं, जो वाकई उन्हें एक मैच विनर साबित करता है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम ने जीत दर्ज की. लेकिन, इस मैच में विराट कोहली का बल्ला खामोश नजर आया।




## साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले चुनी बल्लेबाजी, हेनरिक क्लासेन हुए बाहर

कराची, (आरएनएस) । साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने अफगानिस्तान के खिलाफ करांची के नेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। दोनों की टीमों का मौजूदा एडिशन में पहला मुकाबला है। हेनरिक क्लासेन साउथ अफ्रीका की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं है। हालांकि इसे लेकर किसी वजह का खुलासा नहीं हुआ है।

टीमें इस प्रकार है

साउथ अफ्रीका (प्लेइंग इलेवन): रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), टोनी डी जोर्जी, टेम्बा बावुमा (कप्तान), रासी वैन डेर डुसेन, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, मार्को यान्सेन, केशव महाराज, कागिसो रबाडा, लुंगी एंगिडी। अफगानिस्तान (प्लेइंग इलेवन)= रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदीन नायब, मोहम्मद नबी, राशिद खान, फजलहक फारूकी, नूर अहमद।

# शमी जब भी आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं तो अलग गेंदबाज बन जाते हैं: पीयूष चावला

दुबई, (आरएनएस)। भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला ने मोहम्मद शमी की आईसीसी टूर्नामेंटों में प्रभावशाली वापसी की सराहना की। उनके प्रदर्शन के दम पर मेन इन ब्लू टीम की बांग्लादेश पर चैंपियंस ट्रॉफी गेम में शानदार जीत हुई। चावला ने कहा कि जब भी शमी आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं, तो वह एक अलग गेंदबाज बन जाते हैं।

शमी ने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश पर भारतीय टीम की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई थी और पांच विकेट हासिल किए थे। शमी ने बेहतर प्रदर्शन किया और 5-53 के आंकड़े के साथ भारत को गुरुवार को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ छह विकेट से शानदार जीत दिलाई।

दुबई में पांच विकेट चटकाने के साथ ही शमी आईसीसी वनडे मुकाबलों में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने जहीर खान (59 विकेट) को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने अपने विकेटों की संख्या 60 विकेट तक पहुंचा दी है। इस प्रक्रिया में उन्होंने 200 विकेट तक पहुंचने वाले सबसे तेज भारतीय गेंदबाज बनने की महत्वपूर्ण व्यक्तिगत उपलब्धि भी हासिल की है। अब उनके वनडे में 202 विकेट हो गए हैं।

पीयूष चावला ने आगे कहा कि आईसीसी टूर्नामेंट और मोहम्मद शमी का एक शानदार मिलाप है। जब भी वह आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं, तो वह एक अलग गेंदबाज बन जाते हैं। वह चोट से वापस आ रहे हैं और हाल ही में द्विपक्षीय श्रृंखला में वह थोड़े खराब दिखे, लेकिन सकारात्मक संकेत यह था कि वह अपने ओवरों को पूरा कर रहे थे। आज वह काफी बेहतर दिखे। 34 वर्षीय शमी 200 पुरुष वनडे विकेट लेने वाले दूसरे सबसे तेज गेंदबाज भी बन गए, जहां उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर और सकलैन मुश्ताक के साथ बराबरी कर ली, जिन्होंने 104 मैच खेलकर यह उपलब्धि हासिल की। इस सूची में सबसे आगे ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क हैं, जिन्होंने 102 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की।




इसके अलावा, वह गेंद फेंकने के मामले में पुरुषों की एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट तक पहुंचने वाले गेंदबाज भी हैं, जो 5126 गेंदों पर है, जबकि स्टार्क 5240 गेंदों पर 200 विकेट तक पहुंचने वाले गेंदबाज हैं।

चावला ने कहा, हमें अभी भी शमी का 100 प्रतिशत फॉर्म देखने को नहीं मिला है, लेकिन पांच विकेट लेने से निश्चित रूप से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिस्थितियों का आकलन करना महत्वपूर्ण है और शमी अपनी सीधी सीम के साथ अच्छी तरह से जानते हैं कि गेंद को कहां पिच करना है।चावला ने जियोहॉटस्टार पर कहा, शमी को पिच से मूवमेंट मिल पाया। यही कारण है कि वह सफल रहे और नई गेंद से शुरुआती विकेट चटकाए। उन्हें विविधताओं का उपयोग करते हुए देखना भी शानदार था, जिसमें अच्छी तरह से छिपी हुई धीमी गेंदें भी शामिल थीं।

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज शमी चोट के कारण 14 महीने के अंतराल से बाहर थे। अब उन्होंने बढ़िया वापसी की है।

# छोटी और घटिया सोच को सिद्ध कर रहे हैं जिले के कुछ बोने अधिकारी

नर्मदापुरम (निप्र) जिले में मौजूद कुछ बोने किस्म के अधिकारी अपने अधिकार का दुरूपयोग करते हुए छोटी और घटिया सोच का परिचय दे रहे हैं। ऐसे अधिकारियों की बेंढंगी मानसिकता को लेकर शहर के संभ्रात लोगों के द्वारा सक्षम मंच पर उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी भेजी जा रही है। तथा यहां से उनके तबादले कराने की कोशिश की जा रही है। जिससे जिले को कोई अच्छे सोच वाले अधिकारियों के आने की संभावना बन सके। मां नर्मदा के पावन शहर में कुछ हलकट टाईप के अधिकारी आ जाने से मुख्यालय की व्यवस्थाएं तहस नहस हुई हैं।

उनके रहने तक व्यवस्थाएं नहीं सुधर सकती है। इसलिए ऐसे लोगों की यहां से रवानगी होना ही चाहिए। शासन स्तर से पहले कुछ शिकवा शिकायत होने पर अधिकारियों को बदल दिया जाता है। लेकिन कुछ समय से ऐसा नहीं होने से मुख्यालय के नागरिकों को ऐसे बेतुके लोगों को झेलना पड़ रहा है। नागरिक मां नर्मदा से प्रार्थना कर रहे हैं कि हे मां नर्मदा ऐसे अधिकारियों से जल्द से जल्द मुक्ति दिलाएं। ऐसा देखने और सुनने को मिल रहा है कि ऐसे संकीर्ण मानसिकता के अधिकारी छोटे कर्मचारियों पर अपना रोब दिखाते हुए अपने आप को बलसाली समझने की भूल कर रहे हैं। उनकी बददुआएं उन्हें एक दिन झुलसाएंगी।

### शासन को तबादला नीति में सुधार करना चाहिए

शहर के अनेक वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि शासन स्तर से जिले में अंगद के पैर की तरह जमने वाले अधिकारियों को यहां से बाहर का रास्ता दिखाया जाना चाहिए। शासन स्तर से तबादला नीति को और सुधारना चाहिए जिससे कि तीन वर्ष या कम वाले अधिकारियों को यहां से हर हालत में दूसरे जिले में भेजना ही चाहिए।

## 5 मार्च को सिवनी मालवा में आयोजित होगा युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला

नर्मदापुरम (निप्र) । मध्य प्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास विभाग एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 5 मार्च 2025 को शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी मालवा में आयोजित होगा। इस आयोजन का संपूर्ण प्रभार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा श्रीमती सरोज परिहार को सौंपा गया है। मेले में विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने हेतु स्टॉल लगाए जाएंगे, जिससे युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी मिल सके।प्रदेश सरकार द्वारा इस मेले का उद्देश्य युवाओं को सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और स्वरोजगार योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में उपस्थित होकर रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं का लाभ उठाएं।

# भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन हुए श्रद्धालु

## महाशिवरात्री मेले में 80 हजार से अधिक भक्तों ने किये देवाधिदेव महादेव के दर्शन

## कठिन रास्तों से गुजरते हुए अपने आराध्य के दर्शन करने भक्त पहुंच रहे चौरागढ धाम



नर्मदापुरम (निप्र) । शिवरात्रि मेले के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दुर्गम रास्तों से गुजरते हुए चौरागढ़ दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु भोलेनाथ के जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अब तक 80 हजार से अधिक श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ दर्शन कर चुके हैं, और शनिवार से मेला समाप्ति तक भीड़ के और बढ़ने की संभावना है। भीड़ के बेहतर प्रबंधन के लिए तथा श्रद्धालुओं को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाये जाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी प्रतिपल मेले में नजर बनाये हुए हैं साथ ही निरंतर रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

### मेले में खोया पाया केंद्र सक्रिय, बिछड़े बच्चों एवं श्रद्धालुओं को परिजनों से मिलवाया

मेले के दौरान प्रशासन द्वारा बबलू जाटव, रामकुमार, रीना निकोले, मोरेश्वर हुड्डा और रूपाली को उनके परिजनों से मिलवाया गया, जो भीड़ के कारण अलग हो गए थे। प्रशासनिक कर्मचारियों की तत्परता से सभी को सुरक्षित उनके परिवारों से मिलाया गया। इसी प्रकार चंचल साहू उम्र 9 वर्ष निवासी साडरी जिला छिंदवाड़ा अपनी मम्मी और परिवार से बिछड़ गई थी जिसकी वायरलेस से सूचना प्राप्त हुई बच्ची को उसकी मां रीना साहू और परिवार को पुलिस द्वारा जांच पड़ताल बाद सुपुर्द की गई। जिया उईके पिता पुरुषोत्तम उईके अपने पिता से बिछड़ गई थी जिसे डीपी प्वाइंट पर पुलिस द्वारा छानबीन कर पिता पुरुषोत्तम को सुपुर्द किया गया।

### मेले में सजी 250 दुकानें, भक्तों की खरीदारी जारी

महादेव से चौरागढ़ तक लगभग 250 दुकानें सजी हैं, जहां चाय, नाश्ता, पूजा सामग्री, टिकली, बिंदी, चूड़ी, भोजन आदि की बिक्री जोरों पर है। श्रद्धालु इन दुकानों से अपनी जरूरतों की वस्तुओं की खरीदारी भी कर रहे है। कई लोगो को इस दौरान रोजगार भी प्राप्त हुआ है। पूरे दिन श्रद्धालु चौरागढ़ मंदिर की चढ़ाई व दर्शन करते रहे एवं यह सिलसिला रात भर भी ऐसे ही चलता रहा।

### प्रशासनिक निरीक्षण और व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

महादेव मेला समिति की सचिव श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव ने अस्थाई बस स्टैंड एवं बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर दुकानदारों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया। साथ ही, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रकाश, सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त दंडाधिकारी डी.के. सिंह और श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव ने केंट क्षेत्र में स्थित साडा धर्मशाला का निरीक्षण किया, जहां 500 से अधिक श्रद्धालु ठहरे हुए हैं।

### ट्रक ड्राइवर से लूट के आरोपी गिरफ्तार

## मोबाइल, रुपए छीनकर भागे थे बदमाश, पहले से दर्ज है प्रकरण

नर्मदापुरम (निप्र) पुराने बदमाश पुलिस की पकड़ में आ गए है। इन बदमाशों ने पिछले दिनों एक ट्रक ड्रायवर से रूपये और मोबाइल छीन कर भाग गए थे। पुलिस ने इन बदमाशों को पकड़ कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि एक आरोपी आरोपी गौतम केवट को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार नर्मदापुरम में आदमगढ़ पुलिया के पास एक ट्रक ड्राइवर से लूट करने वाले दो आरोपियों को पकड लिया गया है। दोनों आरोपी आदमगढ़ क्षेत्र के रहने वाले है। एक पूर्व में जिलाबदर रह चुका है दूसरे आरोपी पर भी कोतवाली और जीआरपी में भी चोरी के अपराध दर्ज है। पुलिस को सूचना मिलने पर इन दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने पकडे गए आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से जज ने जेल भेज दिया है।

# मगरधा में हुआ नव कुंडीय श्रीराम महायज्ञ एवं राम कथा का आयोजन सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने किया प्रसादी वितरण

## मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी का जीवन चरित्र हमें जीवन जीने की कला सिखाता है: सांसद दर्शन सिंह चौधरी

नर्मदापुरम (निप्र) बरेली नजदीकी ग्राम मगरधा में आयोजित नव कुंडीय श्रीराम महायज्ञ एवं राम कथा के समापन दिवस पर होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी सम्मिलित हुए। यज्ञ के अंतिम दिवस शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया। जिसमें सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने परोस व्यवस्था को संभाल रहे स्वयं सेवकों के साथ सहभागिता करते हुए स्वयं प्रसाद को परोसा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने श्री राम कथा के अंतर्गत राम नाम की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने ने कहा कि एक व्यक्ति का पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति क्या कर्तव्य है। राम चरित मानस के रूप में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र हमें अनंत सदियों तक जीवन जीने की कला सिखाता रहेगा। उन्होंने उपस्थित सभी भक्त जनों से अपने घरों में प्रतिदिन राम चरितमानस का पाठ करने का अनुरोध किया। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि सनातन धर्म में माना जाता है कि गौ माता के अंदर तैंतीस कोटि का वास है। हम गौ पालन करें और कम से कम अपने खाने के लिए जहर मुक्त खेती गौ आधारित प्राकृतिक खेती करे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र को बड़ी सौगात देते हुए नवीन रेल लाइन के माध्यम से रेलवे से जोड़ा जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे के द्वारा जबलपुर. गाडरवारा उदयपुरा बरेली बुधनी से इंदौर तक नई रेल लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस नई रेल लाइन के लिए केन्द्र सरकार ने 1100 करोड़ का बजट भी जारी कर दिया है। सांसद ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में गरीबों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## अमित दीवान आत्महत्या मामले का दूसरा आरोपी पकड़ाया

**अभी 6 फरार हैं, पुलिस की सुस्ती से नाराज हैं ब्राम्हण समाज के नागरिक**

नर्मदापुरम (निप्र) ।अमित दीवान आत्महत्या मामले में फरार 7 आरोपियों में से दूसरा आरोपी शुक्रवार को गिरफ्तार हो गया है। इसके बाद भी अभी 6 फरार हैं। पुलिस की सुस्ती से ब्राम्हण समाज में नाराजगी व्याप्त हैं। गुरुवार को परिजन और ब्राह्मण समाज ने मीनाक्षी क्षेत्र में चक्काजाम कर प्रदर्शन किया था। देहात थाना पुलिस ने पिपरिया से आरोपी नितिन मालवीय विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नितिन पिपरिया क्षेत्र में फरारी काट रहा था। पुलिस ने अपने सूत्रों के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर उसे पकड़ लिया है। बांक ीके अन्य 6 आरोपियों की और तलाश जारी है।

### बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के दस वर्ष पूर्ण होनें के उपलक्ष्य में आयोजित हुए जागरुकता कार्यक्रम



नर्मदापुरम (निप्र)। शुक्रवार को बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना संचालन के दस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार डेहरिया और सहायक संचालक व्ही पी गौर के मार्गदर्शन में वन स्टाप सेन्टर के द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान नर्मदापुरम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वन स्टाप सेन्टर प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी के द्वारा 181 महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टाप सेंटर की योजनाओं की जानकारी, महावारी स्वच्छता, pc&pndt act की जानकारी ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बालिकाओं और महिलाओं को दी गई। कार्यक्रम में लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर आर डी बघेला ने आर सेटी की योजनाओं की जानकारी दी। आर सेटी समन्वयक रश्मि गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। परामर्शदात्री भागवती विष्ठ ने साइबर काइम की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में वन स्टाप सेन्टर की केसवर्कर शिखा वर्मा, आर सेटी समन्वयक खुशबू पराशर, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षिका दामिनी उपस्थित रही।

# श्रीरामजी बाबा मेले में पहलवानों की कुश्ती प्रतियोगिता में उमडे दर्शक

## पहलवान युवराज गवली ने जीता पहला इनाम



नर्मदापुरम (निप्र)। नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम द्वारा आयोजित संत शिरोमणी श्रीरामजी बाबा मेले में प्रतिदिन रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, राजस्व सभापति निर्मला हंस राय के मार्गदर्शन में एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में किया जा रहा है। मेला प्रभारी योगेश सोनी ने बताया कि गुरुवार को एसएनजी ग्राउंड में दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें 30 पहलवानों की जोड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रथम देवालपुर के पहलवान युवराज सिंह रहे जिनको नगरपालिका परिषद की ओर से 21 हजार रुपए का इनाम दिया गया। निर्णायक के रूप में नारायण खंडेलवाल, जगदीश पहलवान, राजकुमार, तुलसीदाराम, बनवालीलाल पहलवान, नंदकिशोर यादव आदि थे। इस आयोजन में विभाग प्रचारक नरेंद्र यादव, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, भाजपा नेता हंस राय, पार्षद पूर्व पार्षद उपस्थित रहे। एसएनजी ग्राउंड पर पहलवानों ने कुश्ती में दांव पेंच दिखाकर दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। व्यवस्था में गौरव वर्मा, योगेश परसाई, अमन मिश्रा, राजेंद्र परसाई लगे हुए थे। वहीं दूसरी ओर बुधवार देर रात हुए कार्यक्रम में मेला मंच पर साहिल सोलंकी द्वारा शानदार गीतों की प्रस्तुति दी गई। मेला मंच पर विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव एवं भाजपा नेता हंस राय ने गायक श्री सोलंकी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

मेला मंच पर आगामी कार्यक्रम

22 फरवरी . आर्केस्ट्रा नाईट।

23 फरवरी . अखिल भारतीय कवि सम्मेलन।

24 फरवरी . सदाबहार गीत संध्या।

प्रतियोगिताओं के अंतर्गत

23 फरवरी को दोपहर के समय बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में होगी।



### अमित दीवान आत्महत्या मामले का दूसरा आरोपी पकड़ाया

**अभी 6 फरार हैं, पुलिस की सुस्ती से नाराज हैं ब्राम्हण समाज के नागरिक**

नर्मदापुरम (निप्र)। अमित दीवान आत्महत्या मामले में फरार 7 आरोपियों में से दूसरा आरोपी शुक्रवार को गिरफ्तार हो गया है। इसके बाद भी अभी 6 फरार हैं। पुलिस की सुस्ती से ब्राम्हण समाज में नाराजगी व्याप्त हैं। गुरुवार को परिजन और ब्राह्मण समाज ने मीनाक्षी क्षेत्र में चक्काजाम कर प्रदर्शन किया था। देहात थाना पुलिस ने पिपरिया से आरोपी नितिन मालवीय विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी नितिन पिपरिया क्षेत्र में फरारी काट रहा था। पुलिस ने अपने सूत्रों के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर उसे पकड़ लिया है। बांक ीके अन्य 6 आरोपियों की और तलाश जारी है।


# ई-ऑफिस प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित - डिजिटल प्रशासन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम



नर्मदापुरम (निप्र) । डिजिटल प्रशासन और पेपरलेस गवर्नेंस की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, आज ई-ऑफिस प्रशिक्षण सत्र का आयोजन ई-दक्ष केंद्र, नर्मदापुरम में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक सफलतापूर्वक किया गया। ई-ऑफिस तकनीकी सहायता समूह और मास्टर ट्रेनर्स के गठन के आधिकारिक निर्देशों के अनुरूप, यह प्रशिक्षण ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण सत्र एक सतत प्रक्रिया का पहला चरण था, जिसके अंतर्गत समस्त शासकीय विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली को सुचारू रूप से लागू करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगाप्रशिक्षण सत्र का संचालन मनीष गुणवान (DIONIC, नर्मदापुरम) और संदीप चौरसिया (DeGM, नर्मदापुरम) द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मियों ने भाग लिया।

### प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु

ईमेल निर्माण प्रक्रिया एवं उपयोगकर्ता पंजीकरण, कर्मचारी मास्टर डेटा तैयार करना, आवक-जावक का निर्माण और प्रबंधन प्रक्रिया, फाइल निर्माण, ड्राफ्ट तैयारी और अनुमोदन प्रक्रिया, फाइल मूवमेंट, ट्रैकिंग एवं डिजिटल हस्ताक्षरप्रशिक्षण के दौरान ई-ऑफिस प्रशिक्षण डेमो पोर्टल पर लाइव हैंड्स-ऑन डेमो दिया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने आवक-जावक निर्माण, फाइल निर्माण, ड्राफ्ट तैयार करने और फाइल मूवमेंट की प्रक्रिया को वास्तविक वातावरण में सीखा और अभ्यास किया। इस व्यावहारिक प्रशिक्षण से अधिकारियों को प्रणाली को सुचारू रूप से संचालित करने का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।

### डिजिटल प्रशासन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम

यह सिर्फ एक शुरुआत थी—ई-ऑफिस के पूर्ण क्रियान्वयन की दिशा में पहला कदम। इस प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण सत्र नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि सभी विभागों के अधिकारी ई-ऑफिस प्रणाली में दक्ष हो सकें। मास्टर ट्रेनर्स अपने स्वयं के विभागों सहित अन्य शासकीय कार्यालयों को भी इस प्रणाली के प्रभावी उपयोग में सहायता करेंगे। इनकी सतत् सहायता से ई-ऑफिस प्रणाली के 100त्न सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे कार्यालयी कार्यों को पारदर्शी, सुगम और प्रभावशाली बनाया जा सकेगा।इस सफल पहल के साथ, नर्मदापुरम प्रशासन डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ा चुका है। यह प्रयास प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक सुगम, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

# 24 फरवरी एवं 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित होगा ग्लोबल इन्वेस्टर सबमिट

## जिले के औद्योगिक क्षेत्र कीरतपुर एवं फूड पार्क पिपरिया का भी किया जाएगा वर्चुअल लोकार्पण

नर्मदापुरम (निप्र) । मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 24 एवं 25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 का राज्य स्तरीय आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रदेशभर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। इसी क्रम में नर्मदापुरम जिले के औद्योगिक क्षेत्र कीरतपुर एवं पिपरिया स्थित फूड पार्क की इकाइयों का भी वर्चुअल लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और औद्योगिक विकास की इन परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने और औद्योगिक क्षेत्रों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस आयोजन के माध्यम से स्थानीय उद्यमियों को भी नए अवसर मिलेंगे, जिससे क्षेत्र में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

### जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक (DeGM) को मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (CISO) के रूप में नियुक्त किया गया

नर्मदापुरम (निप्र) । मध्यप्रदेश शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के निर्देशानुसार जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक (DeGM) को मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (CISO) के रूप में जिला स्तर पर नियुक्त किया गया है। राज्य शासन के निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर सोनिया मीना ने जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक (DeGM) को मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (CISO) के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी रूप से निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, उन्हें रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर शीघ्र पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करने तथा आगे की आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश जारी किये गये हैं।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com